• जयपुर, सोमवार 16 मार्च 26 • वर्ष 15 • अंक 143 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIN/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

सुविचार
"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 विजयनगर मसूदा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस सेवादल का विशाल कार्यकर्ता...
पेज @4 समाजसेवक अमोल केंद्रे की मांग के बाद प्रशासन ने शुरू की ...
पेज @8 राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ के बैनर तले प्रदेश के 10 हजार से...

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'विकसित राजस्थान रन' को दिखाई हरी झंडी

## राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य पर 'विकसित राजस्थान रन-2026'

### युवाओं के सपनों को उड़ान दे रही राज्य सरकार, नियमित दौड़ स्वस्थ जीवन का मूल मंत्रः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि नियमित दौड़ लगाना स्वस्थ जीवन का मूल मंत्र है। दिन की शुरुआत दौड़ के साथ करने से पूरे दिन ऊर्जा बनी रहती है, स्वास्थ्य ठीक रहता है और सकारात्मक सोच विकसित होती है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारम्भ किए गए फिट इंडिया अभियान ने देशवासियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया है। श्री शर्मा ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे स्वस्थ दिनचर्या का पालन करते हुए फिट रहें तथा प्रदेश के विकास में सक्रिय योगदान दें, जिससे प्रदेश नई ऊंचाइयों को छू सके। अगर प्रदेशवासी एक कदम आगे बढ़ेंगे, तो राजस्थान कई गुना आगे बढ़ेगा।

शर्मा राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित हो रहे



कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार को जयपुर में अमर जवान ज्योति से 'विकसित राजस्थान रन-2026' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशभर में आयोजित 'विकसित राजस्थान रन' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले वर्ष से राजस्थान दिवस को तिथि अनुसार मनाने की नई परंपरा शुरू की है। 30 मार्च 1949 को तत्कालीन गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के नेतृत्व में भारतीय नववर्ष की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन रेवती नक्षत्र इन्द्र योग में विभिन्न रियासतों को एकत्रित कर वृहद राजस्थान की स्थापना हुई थी। उन्होंने कहा कि गृह नक्षत्र देखकर नए कार्य की शुरुआत करना हमारी संस्कृति में है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष 19 मार्च (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) को राजस्थान दिवस पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।



#### हर पात्र व्यक्ति को मिले योजनाओं का लाभ

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत-2047' विजन के अनुरूप प्रदेश सरकार 'विकसित राजस्थान-2047' के विजन पर कार्य कर रही है। सरकार का लक्ष्य है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान के व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने आह्वान किया कि सभी पात्र लोग योजनाओं का लाभ लें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने दो वर्ष के कार्यकाल में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रदेश में बिजली, पानी, उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में अनेक अभूतपूर्व निर्णय लिए हैं। साथ ही, राज्य सरकार किसान, महिला, युवा, मजदूर सहित सभी वर्गों के सशक्तीकरण के लिए भी निरंतर कार्य कर रही है।

#### ● युवाओं के सशक्तीकरण के लिए उठाए गए ठोस कदम

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा युवाओं के सशक्तीकरण के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। युवाओं के लिए हमारी सरकार युवा नीति लाई है। युवाओं को ब्याज मुक्त ऋण दिया जा रहा है, जिससे उद्यमिता को बढ़ावा मिले और युवा रोजगार प्रदाता भी बनें। उन्होंने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप अपने सपनों की उड़ान के लिए तैयार रहिए, राज्य सरकार आपके सपनों को साकार करने में हरसंभव मदद करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को सरकारी क्षेत्र में 4 लाख एवं निजी क्षेत्र में 6 लाख रोजगार देने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। अब तक 1 लाख 25 हजार नियुक्तियां दी जा चुकी है। वहीं 1 लाख 33 हजार भर्ती प्रक्रियाधीन हैं तथा 1 लाख से ज्यादा पदों का भर्ती कैलेण्डर जारी किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि पेपरलीक जैसे प्रकरणों से युवाओं के भविष्य पर कुठाराघात करने वाले आज सलाखों के पीछे हैं।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों के साथ दौड़ में हिस्सा लेकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। इस दौरान विधायक गोपाल शर्मा एवं मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में प्रतिभागी व आमजन मौजूद रहे।

न्यूज़ अपडेट

### किराना दुकान में सो रहे बाप-बेटे की जिंदा जलकर मौत, झुलसे हुए मिले शव

**ओडिशा/एजेंसी।** खुर्दा जिले से एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां आग लगने से एक किराना दुकान के अंदर सो रहे पिता और बेटे की जिंदा जलकर मौत हो गई। इस घटना से पूरे इलाके में शोक और सदमे का माहौल बन गया है। मृतकों की पहचान राजेश साहू और उनके बेटे लक्ष्मीधर साहू के रूप में हुई है। दोनों बेगुनिया थाना क्षेत्र के सानपदार गांव के रहने वाले थे। राजेश गांव में एक छोटी किराना दुकान चलाते थे। यही दुकान रात के समय उनका आराम करने का स्थान भी थी। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, रात पिता और बेटे ने रोज की तरह खाना खाया और दुकान के अंदर ही सोने चले गए। देर रात अचानक दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग तेजी से फैल गई और पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भयानक थी कि दोनों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिल सका और वे अंदर ही फंस गए। गंभीर रूप से झुलसने के कारण दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

### आंध्र प्रदेश में एक परिवार के चार लोगों की धुएं से दम घुटने पर मौत

**अमरावती/एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के अन्नामय्या जिले में एक परिवार के चार सदस्यों की धुएं में दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस ने पुष्टि करते हुए कहा कि यह दुखद घटना पुंगनूर शहर में शनिवार और रविवार की दरमियानी रात को हुई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घर में पूरी रात चालू रखी गई बाइक से निकले धुएं में परिवार के सदस्यों को दम घुट गया, जिससे उनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान दादा, उनकी दो पोतियों और एक पोते के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, मुरली नाम का एक व्यक्ति, जो हेयर सैलून चलाता है, उसने शनिवार को एक मैकेनिक से अपनी मोटरसाइकिल की सर्विस करवाई थी। इंजन में खराबी के कारण मैकेनिक ने बोर पिस्टन बदल दिया था।

### चेन्नई में तेज धमाके के साथ फटा सिलेंडर, दो बच्चों की मौत, 7 घायल

**तमिलनाडु/एजेंसी।** राजधानी चेन्नई के नवल्लूर इलाके में एक सिलेंडर में धमाके का मामला सामने आ रहा है। यहां सिलेंडर में धमाका होने से दो बच्चों की मौत हो गई है, जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक धमाका इतना तेज था कि यहां तीन मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। स्थानीय लोग आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे और पुलिस के साथ ही दमकल विभाग को इस धमाके के बारे में सूचना दी। पुलिस का कहना है कि घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुवाहाटी में असम सरकार के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया

## डबल इंजन सरकार में असम कैंसर सहित क्रिटिकल स्वास्थ्य सेवाओं का बड़ा हब बन चुका हैः अमित शाह

### मोदी जी ने विश्व का सबसे बड़ा एआई समिट आयोजित किया, लेकिन उसमें विपक्षी पार्टी ने भारत को बदनाम करने की कोशिश की

नई दिल्ली/एजेंसी।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुवाहाटी में असम सरकार के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री श्री हिमंता बिस्वा सरमा सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि यह कार्यक्रम न सिर्फ असम, बल्कि पूरे पूर्वोत्तर के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले पूरे पूर्वोत्तर में स्वास्थ्य सेवाओं का हाल बहुत बुरा था। वर्षों तक शासन में रही विपक्षी पार्टी ने अपने परिवारों के आर्थिक स्वास्थ्य के अलावा कभी लोगों के स्वास्थ्य की चिंता नहीं की। श्री शाह ने कहा कि श्री हिमंता बिस्वा सरमा जब से असम के मुख्यमंत्री बने हैं, वह असम की स्वास्थ्य व्यवस्था को गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे विकसित राज्यों के समकक्ष बनाने में सफल हुए हैं। राज्य में ढेर सारे सरकारी अस्पतालों का निर्माण



» सदन के द्वार पर चाय–पकौड़ा खाकर विपक्ष के नेता ने भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को बदनाम किया

» विपक्षी पार्टी ने सिर्फ अपने परिवारों के आर्थिक स्वास्थ्य की चिंता की, असम की जनता के स्वास्थ्य की नहीं

» प्रोटॉन कैंसर थेरेपी जैसी अत्याधुनिक सुविधा उपलब्ध कराने वाला असम देश का पहला राज्य बना, यह पूर्वोत्तर के लिए बड़ी उपलब्धि

» हमारी सरकार ने मात्र 10 वर्षों में स्वास्थ्य और स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में असम को आत्मनिर्भर बनाया

» मोदी सरकार ने असम के स्वास्थ्य बजट को 4000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 9000 करोड़ रुपये किया और उसे जमीनी स्तर तक पहुँचाया

हुआ है, कई मेडिकल कॉलेज बनाए गए हैं और सरकारी मेडिकल कॉलेजों की स्थापना को प्राथमिकता दी गई है, ताकि गरीब परिवारों के बच्चे भी मेडिकल की पढ़ाई कर सकें। इसके अलावा, अनेक प्रकार के क्रिटिकल रोगों के लिए देश की सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अस्पतालों का निर्माण किया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री हिमंता बिस्वा सरमा ने इन कार्यों में सरकार के साथ समाज की शक्ति को भी जोड़ा है।

श्री अमित शाह ने कहा कि उन्होंने दिल्ली में एक बार स्वर्गीय रतन टाटा जी से कहा था कि एम्स के कैंसर अस्पताल में मरीजों के इलाज के लिए प्रतीक्षा सूची काफी लंबी होना देश के लिए अच्छी स्थिति नहीं है। उन्होंने रतन टाटा जी को देश के उन 13 जगहों की सूची दी थी, जहां से कैंसर के मरीज अपने इलाज के लिए दिल्ली आते हैं। श्री शाह ने कहा कि आज यह बताते हुए खुशी हो रही है कि टाटा ट्रस्ट ने उन सभी 13 जगहों पर कैंसर अस्पताल बना कर कैंसर मरीजों की बड़ी सेवा की है। उन्होंने कहा कि देश के किसी भी सरकारी अस्पताल में प्रोटोन थेरेपी जैसी अत्याधुनिक और महंगी तकनीक की व्यवस्था नहीं है, लेकिन असम देश का पहला राज्य बनने जा रहा है, जिसके सरकारी अस्पताल में 400 करोड़ रुपए की लागत से प्रोटोन थेरेपी की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार में असम कैंसर सहित क्रिटिकल स्वास्थ्य सेवाओं का बड़ा हब बन चुका है।

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि बहुत जरूरी है कि हमारे देश में मेडिकल शिक्षा, रिसर्च एंड डेवलपमेंट की पूरी व्यवस्था हो और हर प्रकार के क्रिटिकल रोग के लिए हमारे बच्चों को ऐसा प्लेटफॉर्म मिले, जहाँ से वे रिसर्च करके न केवल भारत बल्कि दुनिया भर के मरीजों की सेवा कर सकें। उन्होंने कहा कि आज प्रागज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का लोकार्पण हुआ है, जो लगभग 675 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है।

सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबीः

## ओडिशा में 11 हार्डकोर माओवादियों ने किया सरेंडर, 63 लाख का इनाम था घोषित

संबलपुर/एजेंसी।

ओडिशा में वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ जारी अभियान को, रविवार के दिन उस समय बड़ी कामयाबी मिली, जब डिवीजनल कमेटी मेंबर नकुल समेत 11 हार्डकोर माओवादियों ने कालाहांडी जिला में पुलिस और सुरक्षा बलों के सामने अपने हथियार डाल दिए।

कालाहांडी जिला मुख्यालय भवानीपटना स्थित रिजर्व पुलिस लाइंस परिसर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में डीजीपी योगेश बहादुर खुरानिया, एडीजी (एंटी-नक्सल ऑपरेशंस) संजीव पंडा,



दक्षिण- पश्चिमांचल आईजी डॉ. कंवर विशाल सिंह, स्पेशल इंटलीजेंस विंग के डीआईजी अखिलेश्वर सिंह, कालाहांडी जिला एसपी नागराज देवरकोंडा और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में इन माओवादियों ने समाज के मुख्यधारा में लौटने और अमन चैन की जिंदगी गुजारने का संकल्प लिया।

आत्मसमर्पण करने वाला हार्डकोर माओवादी नेता नकुल मूल रूप से महाराष्ट्र का निवासी है और उस पर 22 लाख रुपये का इनाम था, जबकि बाकी 10 सदस्य छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। इन माओवादियों ने एक एके-47, एक इंसास राइफल, चार एसएलआर और अन्य हथियारों समेत भारी मात्रा में गोला-बारूद पुलिस को सौंपा है। आत्मसमर्पण करने वालों में एक डिवीजनल कमेटी मेंबर के अलावा पांच एरिया कमेटी मेंबर और 5 सक्रिय सदस्य शामिल हैं, जिन पर कुल 63.25 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

### नेपाल में भारतीयों को लेकर जा रही बस पलटी, 7 की मौत, कई घायल

**नई दिल्ली/काठमांडू/एजेंसी।** इस वक्त की बड़ी खबर नेपाल से सामने आ रही है। यहां भारतीय श्रद्धालुओं को लेकर जा रही एक बस खाई में पलट गई है। ये हादसा मध्य नेपाल इलाके में हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई अन्य लोग घायल हैं। पुलिस ने इस हादसे के बारे में जानकारी दी है। पुलिस का कहना है कि सूचना मिलते ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। फिलहाल घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

मुख्यमंत्री ममता ने खेला मास्टर स्ट्रोक

### सीएम ने डीए के भुकतान की घोषणा के साथ ही पुरोहितों व मुअज्जिनों का अनुदान बढ़ाया

**कोलकाता/एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों की तारीख की घोषणा से चंद घंटे पहले ही ममता सरकार ने बड़ी घोषणाओं को अंजाम देकर विपक्ष के लिए एक और चुनौती खड़ी कर दी। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आज सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार राज्य सरकार के कर्मचारियों को 2008 से बकाया महंगाई भत्ता (डीए) के भुगतान की घोषणा की। सीएम ममता ने बंगाल चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले मास्टर स्ट्रोक लगाते हुए मंदिर के पुरोहितों और मस्जिदों के मुअज्जिनों को मिलने वाले मासिक मानदेय में 500 की बढ़ोतरी कर दी।



बता दे कि मुख्यमंत्री ने आज दोपहर को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक बयान पोस्ट करके यह घोषणा की। गौरतलब है कि यह घोषणा भारतीय चुनाव आयोग द्वारा पश्चिम बंगाल सहित चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के लिए मतदान तिथियों की घोषणा करने से ठीक एक घंटे पहले हुई।

# तेल-गैस संकट के समय आत्मनिर्भर क्यों नहीं बने?

**सौरभ वार्ष्णेय**



दुनिया में जब भी मध्य-पूर्व में तनाव या युद्ध की स्थिति बनती है, तब सबसे पहले तेल-गैस की कीमतों पर असर पड़ता है। भारत जैसे देश, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात से पूरा करते हैं, ऐसे समय में सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। सवाल यह उठता है कि आखिर इतने वर्षों बाद भी भारत तेल-गैस के मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर क्यों नहीं बन पाया?

सबसे बड़ा कारण यह है कि भारत के पास सीमित प्राकृतिक तेल-गैस भंडार हैं। देश में कुछ क्षेत्रों–जैसे समुद्री तटों और पूर्वोत्तर राज्यों–में तेल-गैस मिलती है, लेकिन यह हमारी बढ़ती जरूरतों के मुकाबले बहुत कम है। आज भी भारत अपनी लगभग 80-85 प्रतिशत कच्चे तेल की जरूरत विदेशों से आयात करता है। दूसरा कारण यह है कि ऊर्जा की मांग लगातार बढ़ रही है। औद्योगिक विकास, बढ़ती आबादी और वाहनों की संख्या में तेजी से वृद्धि के कारण तेल-गैस की खपत लगातार बढ़ती जा रही है। घरेलू उत्पादन इस गति से नहीं बढ़ पाया।तीसरा कारण नीतिगत और तकनीकी चुनौतियाँ भी रही हैं। कई बार तेल-गैस की खोज और उत्पादन के लिए पर्याप्त निवेश, आधुनिक तकनीक और निजी क्षेत्र की भागीदारी समय पर नहीं बढ़ पाई। इसके कारण संभावित भंडारों का पूरा उपयोग नहीं हो सका।

हालांकि, हाल के वर्षों में सरकार ने आत्मनिर्भर ऊर्जा की दिशा में कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सौर और पवन ऊर्जा को बढ़ावा देना, जैव-ईंधन (एथेनॉल) का उपयोग बढ़ाना, इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन देना और नए तेल-गैस क्षेत्रों की खोज करना इसी दिशा के प्रयास हैं।स्पष्ट है कि तेल-गैस में पूर्ण आत्मनिर्भरता हासिल करना आसान नहीं है, लेकिन ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोतों और घरेलू उत्पादन को बढ़ाकर भारत अपनी निर्भरता जरूर कम कर सकता है। यही भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा का रास्ता भी है।

### ● ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोतों और घरेलू उत्पादन कैसे बढ़ाएँ

देश में बार-बार उभरने वाला तेल-गैस संकट यह संकेत देता है कि केवल आयातित ऊर्जा पर निर्भर रहना लंबे समय तक सुरक्षित रणनीति नहीं हो सकती। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा विदेशों से आयात करता है, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत बढने या भू-राजनीतिक तनाव होने पर देश की अर्थव्यवस्था तुरंत प्रभावित हो जाती है। ऐसे में ऊर्जा के वैकल्पिक स्त्रोतों को बढ़ावा देना और घरेलू उत्पादन को मजबूत करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है।सबसे पहले, सौर और पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्त्रोतों का तेजी से विस्तार करना होगा। भारत भौगोलिक रूप से सौर ऊर्जा के लिए बेहद अनुकूल देश है। अगर गांव-गांव में रूफटॉप सोलर प्लांट और बड़े सौर पार्क स्थापित किए जाएँ तो बिजली उत्पादन का बड़ा हिस्सा स्वदेशी और स्वच्छ स्त्रोतों से प्राप्त किया जा सकता है। इसी तरह तटीय क्षेत्रों और खुले मैदानों में पवन ऊर्जा की अपार संभावनाएँ हैं।दूसरा महत्वपूर्ण कदम घरेलू तेल और गैस उत्पादन को बढ़ाने का है। इसके लिए नई खोज, आधुनिक तकनीक और निजी निवेश को प्रोत्साहित करना होगा। समुद्री क्षेत्रों और कठिन भौगोलिक इलाकों में ऊर्जा संसाधनों की खोज के लिए सरकार को स्पष्ट नीतियाँ और आसान नियम बनाने होंगे, ताकि घरेलू उत्पादन में तेजी आ सके।इसके साथ-साथ जैव ईंधन, ग्रीन हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहनों को भी ऊर्जा नीति का अहम हिस्सा बनाना होगा। एथेनॉल मिश्रण, बायोगैस प्लांट और कृषि अपशिष्ट से ऊर्जा उत्पादन जैसे प्रयास न केवल ऊर्जा संकट को कम करेंगे बल्कि किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायक हो सकते हैं।अंततः ऊर्जा आत्मनिर्भरता केवल सरकारी नीतियों से ही नहीं, बल्कि जनभागीदारी से भी संभव है। ऊर्जा की बचत, सौर ऊर्जा अपनाने और स्वच्छ तकनीक के उपयोग में आम नागरिक की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। यदि सरकार, उद्योग और समाज मिलकर प्रयास करें तो भारत न केवल ऊर्जा संकट से उबर सकता है, बल्कि आने वाले वर्षों में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत कदम भी बढ़ा सकता है।

### ● घरेलू उत्पादन कैसे बढ़ाएँ

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, तेल-गैस संकट और आपूर्ति शृंखला में बार-बार आने वाली बाधाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी देश की आर्थिक मजबूती का आधार उसका मजबूत घरेलू उत्पादन होता है। यदि भारत को दीर्घकालीन आर्थिक स्थिरता और आत्मनिर्भरता हासिल करनी है, तो घरेलू उत्पादन बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। सबसे पहले लघु, कुटीर और मध्यम उद्योगों को मजबूत करना आवश्यक है। यही क्षेत्र सबसे अधिक रोजगार पैदा करता है और स्थानीय स्तर पर उत्पादन बढ़ाता है। सरकार को इन उद्योगों को सस्ती पूंजी, तकनीकी सहायता और आसान नियम उपलब्ध कराने चाहिए।दूसरा महत्वपूर्ण कदम कृषि और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देना है। यदि कृषि उत्पादों का प्रसंस्करण देश में ही बड़े पैमाने पर होगा, तो किसानों की आय भी बढ़ेगी और आयात पर निर्भरता भी कम होगी।तीसरा, तकनीक और नवाचार को उत्पादन से जोडऩा जरूरी है। आधुनिक मशीनों, डिजिटल तकनीक और अनुसंधान के माध्यम से उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा दोनों बढ़ाई जा सकती हैं।इसके अलावा सरकार को स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए। च्लोकल फॉर वोकलज्ञ् जैसी पहल तभी सफल होगी जब उपभोक्ता भी स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दें।घरेलू उत्पादन बढ़ाना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि उद्योग, किसान और उपभोक्ता–सभी की साझा भागीदारी से ही यह संभव है।

## संपादकीय

# सोच प्रतिबिंबित हुई

मार्क कार्नी की सोच है कि जब बड़ी ताकतें अंतरराष्ट्रीय व्यवहार के कायदों को ठोकर मार रही हैं, मध्यम दर्जे की ताकतों को आपस में मिलकर अपने हितों की रक्षा करनी चाहिए। भारत यात्रा में उनकी ये सोच प्रतिबिंबित हुई।

मार्क कार्नी की भारत यात्रा का सार है कि नए हालात के बीच भारत और कनाडा ने अपने रिश्तों में फंसे कांटे को निकाल कर आगे की दिशा तय की है। कनाडा के प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान तीन प्रमुख फैसले हुए। इसके तहत कनाडा 2.6 बिलियन डॉलर के यूरेनियम की आपूर्ति करने पर राजी हुआ है, दोनों देशों ने इस वर्ष के अंत तक व्यापक आर्थिक सहभागिता समझौते को अंतिम रूप देने का लक्ष्य तय किया है, और उन्होंने 2030 तक आपसी व्यापार को (पिछले साल के 23 बिलियन डॉलर से बढ़ा कर) 30 बिलियन डॉलर तक ले जाने का इरादा जताया है। जिस दौर में व्यापार की पुरानी व्यवस्थाएं टूट चुकी हैं, दोनों देशों का अपने संबंध के व्यापारिक पहलुओं पर इस तरह ध्यान केंद्रित करना लाजिमी ही है। इसके पहले मार्क कार्नी अपनी यह सोच सामने रख चुके हैं कि जब बड़ी ताकतें अंतरराष्ट्रीय व्यवहार के कायदों को ठोकर मार रही हैं, तब मध्यम दर्जे की ताकतों को आपस में मिलकर अपने हितों की रक्षा करनी चाहिए। भारत यात्रा के दौरान उनकी ये सोच प्रतिबिंबित हुई। मगर ऐसे संकेत भी मिले कि कांटा निकलने के बावजूद उसके हुआ जख्म अभी पूरी तरह भरा नहीं है। कार्नी की यात्रा के दौरान ही कनाडा की खुफिया एजेंसियों ने सिख आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय अधिकारियों के कथित हाथ से संबंधित सूचनाएं फिर मीडिया को लीक कीं।

उधर ये खबर भी चर्चित हुई कि कनाडा के नागरिक एक अन्य सिख चरमपंथी को उसकी जान का खतरा होने को लेकर आगाह किया गया है। इन खबरों को लेकर कनाडाई खुफिया एजेंसी के इरादों पर कूटनीतिक हलकों में कयास लगते रहे। सवाल उठा कि क्या कनाडा के सरकारी दायरे में कुछ ताकतें भारत से अपने देश के सुधरते संबंध को लेकर खुश नहीं हैं? जिस समय भारत और कनाडा ने पुरानी बातों को भूल कर आगे बढऩे का फैसला किया है, दोनों देशों की सरकारों को ऐसी कोशिशों से सावधान रहना होगा। उन्हें दोनों देशों को जोडऩे वाले पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करना होगा, जिनमें भारतीय प्रवासी एक महत्त्वूपूर्ण कड़ी हैं।

# देश में विस्फोटक होती जा रही है अति नगरीकरण की समस्या



**नफीस आफरीदी**
स्वतंत्र पत्रकार

**जयपुर!** भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में विकास की तेज रफ्तार के साथ नगरीकरण भी तेजी से बढ़ा है। कभी गाँवों का देश कहे जाने वाले भारत की पहचान आज फैलते शहरों और महानगरों से बनने लगी है। नगरीकरण स्वयं में विकास का स्वाभाविक चरण है, लेकिन जब यह अनियोजित और असंतुलित हो जाता है, तब यह अति नगरीकरण का रूप ले लेता है। वर्तमान समय में यही स्थिति देश के सामने गंभीर सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय चुनौती बनकर उभर रही है।नगरीकरण का मूल कारण गाँवों से शहरों की ओर बढ़ता पलायन है। ग्रामीण क्षेत्रों में सीमित रोजगार, कमजोर कृषि आय औरशिक्षा-स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं की कमी लोगों को शहरों की ओर जाने के लिए प्रेरित करती है। वहीं शहरों में उद्योग, व्यापार, सूचना प्रौद्योगिकी और सेवा क्षेत्र के विस्तार ने रोजगार के नए अवसर पैदा किए हैं। बेहतर जीवन स्तर, आधुनिक सुविधाएँ और अधिक आय की संभावना युवाओं को विशेष रूप से शहरों की ओर आकर्षित करती है।लेकिन जब शहरों की क्षमता से अधिक आबादी वहाँ बसने लगती है, तो अनेक समस्याएँ सामने आने लगती हैं। आवास की कमी के कारण झुग्गी-झोपड़ियों का विस्तार होता है और लाखों लोग अस्वस्थ व असुरक्षित वातावरण में रहने को मजबूर हो जाते हैं। ट्रैफिक जाम, प्रदूषण और लंबी यात्रा दूरी शहरी जीवन को तनावपूर्ण बना देती है। कई महानगरों में लोग रोजाना घंटों सड़कों पर ही बिताते हैं अति नगरीकरण का पर्यावरण पर भी गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। शहरों का अनियंत्रित विस्तार हरित क्षेत्रों और जंगलों को खत्म कर रहा है, जिससे वायु प्रदूषण, जल संकट और तापमान वृद्धि जैसी समस्याएँ बढ़ रही हैं। सामाजिक असमानता भी एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है–एक ओर ऊँची इमारतें और आधुनिक कॉलोनियाँ हैं, तो दूसरी ओर झुग्गी बस्तियाँ। यह असमानता सामाजिक तनाव और अपराध को बढ़ावा देती है 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की लगभग 31 प्रतिशत आबादी शहरों में रहती थी, जो अब अनुमानतः 35 प्रतिशत के आसपास पहुँच चुकी है। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के अनुसार 2030 तक लगभग 40 प्रतिशत भारतीय शहरी क्षेत्रों में रहेंगे, जबकि 2050 तक शहरी आबादी 80 करोड़ से अधिक हो सकती है। वर्तमान में देश में लगभग 11झ्र12 करोड़ लोग झुग्गियों में जीवन यापन कर रहे हैं। इसके अलावा भारतीय शहर प्रतिदिन लगभग 1.5 लाख टन ठोस कचरा उत्पन्न करते हैं और कई शहरों में 30 से 50 प्रतिशत पानी पाइपलाइन लीकेज में ही नष्ट हो जाता है।स्पष्ट है कि शहरों की वर्तमान संरचना इतनी विशाल आबादी को संभालने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसलिए विकास की नीति ऐसी होनी चाहिए जिसमें गाँव और शहर दोनों का संतुलित विकास सुनिश्चित हो। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने से पलायन कम किया जा सकता है। साथ ही उद्योगों और निवेश को छोटे शहरों और कस्बों तक पहुँचाना भी जरूरी है।यदि नगरीकरण को योजनाबद्ध, संतुलित और पर्यावरण-अनुकूल दिशा नहीं दी गई, तो शहर अवसरों के केंद्र बनने के बजाय समस्याओं के केंद्र बन सकते हैं। भारत के टिकाऊ और समावेशी भविष्य के लिए अति नगरीकरण की चुनौती पर गंभीर चिंतन और प्रभावी नीति-निर्माण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## शब्द सामर्थ्य -343

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | ■ | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 342 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

## सू- दोकू क्र. 343

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.342 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## आज का राशिफल

### मेष राशिः

मेष राशि वालों आज आपका दिन आपके जीवन में नया बदलाव लाने वाला है। आज सामाजिक क्षेत्रों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। किसी काम में आपको मनवांछित परिणाम मिलेगा, जिससे आपको खुशी महसूस होगी। समय का सदुपयोग करने से कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। इस राशि की महिलाएं खासतौर से अपने व्यक्तित्व को निखारने में ध्यान देंगी। साथ ही अपने कार्यक्षेत्र क्षेत्र में वर्चस्व बनाए रखने की कोशिश करेंगी।

### वृष राशिः

वृष राशि वालों आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के छात्रों को आज अपने शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलेगा। साथ ही करियर में आगे बढने के नए अवसर प्राप्त होंगे। निजी व्यस्तता के चलते कुछ काम अधूरे रह सकते हैं। इस राशि के सरकारी नौकरी करने वालों को एक्स्ट्रा काम और जिम्मेदारी मिल सकती है। आप पूरे आत्मविश्वास के साथ जिम्मेदारी निभायेंगे। आज आपको जीवनसाथी से खुशखबरी मिलेगी, जिससे पूरे दिन मन प्रसन्न रहेगा।

### मिथुन राशिः

मिथुन राशि वालों आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको किसी महत्वपूर्ण कार्य में अनुभवी व्यक्ति से मदद मिलेगी। घर में नजदीकी रिश्तेदारों के आने से उत्सव का माहौल रहेगा, कई तरह के विचारों का आदान प्रदान होगा। सही समय पर सही फैसला लेने से आपको नौकरी और बिजनेस में अच्छा मौका मिल सकता है। साथ ही उधार के लेन देन करने से आज के दिन आपको बचना चाहिए।

### कर्क राशिः

कर्क राशि वालों आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। पारिवारिक माहौल बेहतर बना रहेगा। आपके काम में परिवार वालों का सहयोग बना रहेगा। कई मामलों में धीरज और धैर्य भी रखना जरूरी है। बातचीत में सही शब्दों का इस्तेमाल करें। गुस्से और जल्दबाजी से बनता हुआ काम बिगड़ सकता है। ऑफिस में बहुत संजीदगी से काम करें। आपको अपनी सोच और व्यवहार को संतुलित रखना चाहिए। साथ ही आज के दिन बड़ा फैसला लेने से भी बचना उचित रहेगा।

### सिंह राशिः

सिंह राशि वालों आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। आज आप अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए नई योजना बनायेंगे, ये योजना भविष्य में कारगर साबित होगी। आज नए कामों पर आपका ध्यान रहेगा, उसके सकारात्मक नतीजे भी मिलेंगे। किसी विशेष काम को लेकर सफलता मिल सकती है जिससे आप खुश रहेंगे। अपने स्वभाव में सकारात्मक बदलाव लाएंगे।

### कन्या राशिः

कन्या राशि वालों के लिये आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज अध्यात्म की तरफ आपका रुझान रहेगा। छात्रों के करियर में आज नया बदलाव आयेगा, जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। आज आपकी सेहत बढिया रहेगी। नए कामों की योजनाएं बनेंगी। किसी योजना पर काम करने के लिए लोगों से भरपूर मदद मिल सकती है। इस राशि के जो लोग सोशल साइट्स पर काम करते हैं, उनकी जान पहचान किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जिससे उन्हें काफी लाभ मिलेगा।

### तुला राशिः

तुला राशि वालों आज किसी खास काम में आपको फायदा मिलेगा। आज ऑफिस में कार्यभार अधिक होने से आपको थोड़ी थकान महसूस होगी, अपने खान पान पर विशेष ध्यान दें। आज आपके कारोबार में तेजी आएगी। सहकर्मियों की मदद से आपके काम बन जाएंगे। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। अपने विचारों को पॉजिटिव रखना बहुत जरूरी है। आप घरेलू सामान खरीदने में पैसे खर्च करेंगे।

### वृश्चिक राशिः

वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। माता पिता के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। सामाजिक या राजनैतिक जान पहचान बढने से रिश्ते मजबूत होंगे। अपने अंदर ऊर्जा और प्रसन्नता महसूस करेंगे। परिवार के किसी सदस्य के करियर से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है। नकारात्मक परिस्थितियां बनने पर धैर्य रखें। बिजनेस के मामलों में आज का दिन बेहतर रहेगा।

### धनु राशिः

धनु राशि वालों आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आप असंभव कार्यों को भी पूरा करने में सफल होंगे। आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे, घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। अपने से बड़े और समझदार इंसान की मदद से आपकी परेशानियां सुलझ सकती हैं। नजदीकी दोस्त या रिश्तेदार के साथ खराब रिश्ते दोबारा अच्छे हो जायेंगे। आज बहुत व्यवस्थित रहने का समय है। बाहरी गतिविधियों में समय बिताने से पैसा और ऊर्जा बरबाद होगी। ऑफिस में आपके कार्यों से लोग प्रभावित होंगे, साथ ही आपसे कुछ सीखने की कोशिश भी करेंगे।

### मकर राशिः

मकर राशि वालों आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आपके पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। आपकी कोशिशें सफल होंगी, थोड़ी सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त करेंगे। नवविवाहितों के जीवन में खुशियाँ बढ़ेगी। आपकी सकारात्मक सोच से परिस्थितियां अच्छी होंगी। घर में धार्मिक आयोजन हो सकता है। आपकी कोशिशों से रिश्ते सुधरेंगे। बिजनेस में खास बदलाव होंगे। उसके सकारात्मक नतीजे मिलेंगे। आर्थिक स्थिति काफी हद तक मजबूत होगी।

### कुंभ राशिः

कुंभ राशि वालों आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। ऑफिस में सभी लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। आज शाम को किसी समारोह में शामिल होंगे। संतान की उपलब्धि को लेकर घर में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। पारिवारिक मसला सुलझने से घर में सुकून और शांति बनी रहेगी। परिवार के साथ मनोरंजन का प्रोग्राम बन सकता है। आज राज की बात किसी से शेयर न करें। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपका मन प्रसन्न होगा।

### मीन राशिः

मीन राशि वालों आज आप खुशियों से भरे दिन की शुरुआत करने वाले हैं। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ेगी। ऑफिस में काम धीमी गति से पूरे होंगे। थोड़ा समय परिवार और बच्चों की समस्याओं को समझने और सुलझाने के लिए निकालें। आज समय के हिसाब से काम करने के तरीकों में बदलाव करना जरूरी है। किसी बात को लेकर उसके जानकार व्यक्ति से विचार विमर्श करेंगे। आज किसी से भी बेवजह उलझने से आपको बचना चाहिए। आप अपना काम पूरा करने के लिये किसी दोस्त से मदद भी मांग सकते हैं। आज आपकी सेहत ठीक बनी रहेगी।

रामचन्द्र चौधरी ने उठाए किसानों और क्षेत्रीय विकास के बड़े मुद्दे बीजेपी सरकार को लिया आड़े हाथो

# विजयनगर मसूदा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस सेवादल का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

## रामचन्द्र चौधरी के नेतृत्व में विजयनगर में गूंजा कांग्रेस का हुंकार, केंद्र और राज्य सरकार पर साधा तीखा निशाना

**चमकता राजस्थान**

रघुनंदन पारीक श्रीनगर/अजमेर। विजयनगर। मसूदा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एक विशाल और ऐतिहासिक सम्मेलन एवं होली स्नेह मिलन समारोह विजयनगर स्थित तेजस्वी होटल में आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र के विकास, किसानों और पशुपालकों की समस्याओं तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। सम्मेलन में कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था और पूरे आयोजन में कांग्रेस नेताओं ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए क्षेत्र के विकास को लेकर ठोस मांगें रखीं।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि किशनगढ़ विधायक एवं अजमेर देहात कांग्रेस अध्यक्ष श्री विकास चौधरी थे, जबकि प्रमुख रूप से अजमेर लोकसभा 2024 के कांग्रेस प्रत्याशी एवं अध्यक्ष अजमेर डेयरी श्री रामचन्द्र चौधरी, पूर्व विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष श्री हगामीलाल मेवाड़ा, कांग्रेस सेवादल विधानसभाध्यक्ष श्री रामलाल नगवाड़ा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सम्मेलन की शुरुआत में ही कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के किसानों और पशुपालकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए।

सम्मेलन में किसानों की समस्याओं को लेकर मांग की गई कि फसलों का बीमा क्लेम अतिशीघ्र दिलवाया जाए ताकि प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों को समय पर राहत मिल सके। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में रसोई गैस सिलेंडर की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि किसानों को खाद और उन्नत बीज समय पर तथा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करवाए जाएं ताकि उन्हें ब्लैक मार्केटिंग और कृत्रिम किल्लत का सामना न करना पड़े तथा नकली खाद और बीज बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

इसी क्रम में पशुपालकों के हितों को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी पारित किया गया कि डेयरी क्षेत्र को पूर्ण रूप से कृषि क्षेत्र में सम्मिलित किया जाए। वक्ताओं ने कहा कि जिस प्रकार किसानों को प्राकृतिक आपदा के समय मुआवजा और अन्य लाभ मिलते हैं, उसी प्रकार पशुपालकों को भी समान सुविधाएं मिलनी चाहिए। साथ ही यह भी मांग की गई कि कृषि जिंसों की तर्ज पर दूध पर भी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) घोषित किया जाए ताकि देशभर के दुग्ध उत्पादकों को आर्थिक सुरक्षा मिल सके।

सम्मेलन में क्षेत्रीय और औद्योगिक विकास के मुद्दे भी प्रमुखता से उठाए गए। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि विजयनगर में पहले की तरह सूती मिल (विजय काटन) को दोबारा स्थापित किया जाए, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें। इसके साथ ही मसूदा विधानसभा के मगरा क्षेत्र के विकास के लिए कम से कम दो से तीन सीमेंट फैक्ट्रियां स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया ताकि क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति मिल सके।



आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए अजमेरझ्ररतलाम रेलवे मार्ग के दोहरीकरण और विद्युतीकरण का कार्य शीघ्र पूरा करने की मांग की गई। साथ ही विजयनगर रेलवे स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित करने का प्रस्ताव भी पारित हुआ। विजयनगर क्षेत्र के औद्योगिक विस्तार को ध्यान में रखते हुए यहां हवाई पट्टी (अ१२३१स्त्र) के निर्माण की मांग भी रखी गई, जबकि ब्यावरझ्रविजयनगरझ्र केकड़ी मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया।

सम्मेलन में प्रशासनिक सुधार और पारदर्शिता को लेकर भी कई महत्वपूर्ण मांगें उठाई गईं। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि विजयनगर नगरपालिका द्वारा पिछले दस वर्षों में किए गए सभी विकास कार्यों की सीबीआई से जांच करवाई जाए ताकि यदि किसी प्रकार की अनियमितता हुई हो तो सच्चाई जनता के सामने आ सके। इसके साथ ही विजयनगर में एसडीएम कार्यालय और उपखंड अधिकारी का पद सृजित करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। सम्मेलन में यह भी कहा गया कि पंचायती राज, नगर निकाय और सहकारी संस्थाओं के चुनाव तुरंत करवाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को पुनः बहाल किया जाए।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए किशनगढ़ विधायक एवं अजमेर देहात कांग्रेस अध्यक्ष श्री विकास चौधरी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने आपसी मतभेद भुलाकर संगठन को मजबूत करें। उन्होंने यह भी घोषणा की कि भिनाय ब्लॉक को अजमेर देहात जिला कांग्रेस में सम्मिलित किया जाएगा।

अजमेर लोकसभा 2024 के कांग्रेस प्रत्याशी एवं अध्यक्ष अजमेर डेयरी श्री रामचन्द्र चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2014 से अब तक केंद्र सरकार ने केवल वादाखिलाफी की है। उन्होंने रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डों और कई सार्वजनिक उपक्रमों को उद्योगपतियों को बेचने का मुद्दा उठाते हुए सरकार की नीतियों की आलोचना की और कहा कि जनता अब इन नीतियों को समझ चुकी है।

पूर्व विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष श्री हगामीलाल मेवाड़ा ने राज्य सरकार की नीतियों की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि आने वाले चुनावों में भाजपा को जनता करारा जवाब देगी। वहीं श्री ब्रह्मदेव कुमावत ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि कांग्रेस की असली ताकत उसकी एकजुटता में है और सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर संगठन को मजबूत करना होगा।

सम्मेलन के समापन के बाद कार्यकर्ताओं का आक्रोश सड़कों पर भी देखने को मिला। श्री रामचन्द्र चौधरी और श्री रामलाल नगवाड़ा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शव यात्रा रैली निकालकर । हजारों कार्यकर्ता इस शव यात्रा में शामिल होकर विजयनगर के मुख्य मार्गों से होते हुए 27 मील चौराहे तक पहुंचे, जहां केंद्र सरकार के विरोध में जोरदार नारेबाजी की और से

- **सम्मेलन के बाद कार्यकर्ताओं का उफनता आक्रोश, मोदीकी शव यात्रा निकाल करपुतला फूका***
- **डेयरी को कृषि का दर्जा देने और दूध पर एमएसपी लागू करने की उठी मांग**
- **विजयनगर में सूती मिल, मगरा क्षेत्र में सीमेंट फैक्ट्रियां और हवाई पट्टी बनाने का प्रस्ताव**
- **पंचायत, निकाय और सहकारिता चुनाव तुरंत कराने की मांग**
- **विजयनगर नगरपालिका के पिछले दस वर्षों के विकास कार्यों की सीबीआई जांच की उठी आवाज**

मोदी के पुतले का अंतिम संस्कार कर विरोध दर्ज कराया गया।

इस आयोजन को सफल बनाने में श्री रामलाल नगवाड़ा, सम्पत राज बांबेल, भवानी शंकर तिवाड़ी, प्रकाशचन्द बड़ोला, हेमराज जांगिड़, शहर अध्यक्ष इकबाल हुसैन, यंग ब्रिगेड अध्यक्ष कुशाल नील, देवीलाल तगाया,शैरावर्मा, भिनाय सचिन ब्यावट लाला तेली, प्यार मोहम्मद, बच्चराज चौधरी (सरपंच), राकेश शर्मा चपानेरी, ब्यावर सेवादल जिलाध्यक्ष विक्रम सोनी ,सेवादल प्रदेश सचिव सोहन मेवाडा, अरविंद माथूर बालूराम सैन श्याम शर्मा बाबूलाल पंवार अजमेर देहात महिला जिलाध्यक्ष गीता चौधरी,मेहफूल काठात,मानसिंह काठात ,सहित अनेक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम के दौरान आयोजन में सहयोग देने वाले परिवारों का भी विशेष उल्लेख किया गया। सभा में सर्वसम्मति से पूर्व पार्षद श्री संजय कुमावत का आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने संगठन की इस महत्वपूर्ण सभा के लिए 'द्वारिका दरबार' स्थल निःशुल्क उपलब्ध करवाया। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि संजय कुमावत एक प्रतिष्ठित राजनीतिक परिवार से आते हैं। उनके पिता स्व. श्री भंवर जी कुमावत पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष और नगरपालिका अध्यक्ष रह चुके हैं, जबकि उनके दादाजी श्री मूलचन्द जी कुमावत ने भी ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दी थीं।

बताया गया कि कुमावत परिवार का राष्ट्रीय राजनीति में भी प्रभाव रहा है और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के साथ उनके निकट पारिवारिक संबंध रहे हैं। इसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा सहयोग दिया।

सम्मेलन के अंत में वक्ताओं ने कहा कि ''लोकतंत्र में जनता ही सबसे बड़ी ताकत होती है, और जब जनता ठान लेती है तो बड़े-बड़े सिंहासन भी हिल जाते हैं।'' कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि क्षेत्र के विकास, किसानों और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई को और मजबूती से आगे बढ़ाया जाएगा।शैरा वर्मा, सचिन ब्यावट लालातेली, प्यारमोहम्मद, बच्चराज चौधरी (सरपंच), राकेश शर्मा, गीता चौधरी, प्रकाश बड़ोला और मान सिंह कानावत सहित अनेक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम के दौरान आयोजन में सहयोग देने वाले परिवारों का भी विशेष उल्लेख किया गया। सभा में सर्वसम्मति से पूर्व पार्षद श्री संजय कुमावत का आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने संगठन की इस महत्वपूर्ण सभा के लिए 'द्वारिका दरबार' स्थल निःशुल्क उपलब्ध करवाया। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि संजय कुमावत एक प्रतिष्ठित राजनीतिक परिवार से आते हैं। उनके पिता स्व. श्री भंवर जी कुमावत पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष और नगरपालिका अध्यक्ष रह चुके हैं, जबकि उनके दादाजी श्री मूलचन्द जी कुमावत ने भी ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दी थीं।

बताया गया कि कुमावत परिवार का राष्ट्रीय राजनीति में भी प्रभाव रहा है और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के साथ उनके निकट पारिवारिक संबंध रहे हैं। इसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा सहयोग दिया।

सम्मेलन के अंत में वक्ताओं ने कहा कि ''लोकतंत्र में जनता ही सबसे बड़ी ताकत होती है, और जब जनता ठान लेती है तो बड़े-बड़े सिंहासन भी हिल जाते हैं।'' कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि क्षेत्र के विकास, किसानों और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई को और मजबूती से आगे बढ़ाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### श्री राजपूत सभा के बगरू इकाई के अध्यक्ष बने बजरंग सिंह किशोरपूरा

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** श्री राजपूत सभा बगरू का त्रिवार्षिक चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह चुनाव देहात अध्यक्ष शभरत सिंह महेशवास, महामंत्री गजेन्द्र सिंह खंगारोत एवं संगठन मंत्री हनुमान सिंह नाथावत की उपस्थिति में आयोजित किया गया। निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र सिंह राजावत ने चुनाव प्रक्रिया को निर्विरोध सम्पन्न करवाया। निर्वाचन के दौरान उपस्थित समाज बंधुओं की सहमति से बजरंग सिंह किशोरपुरा को श्री राजपूत सभा बगरू विधानसभा का अध्यक्ष तथा भीम सिंह भाटावाला को उपाध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया गया।



निर्वाचन प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। चुनाव के पश्चात जिला पदाधिकारियों एवं नवनिर्वाचित स्थानीय पदाधिकारियों का समाज के वरिष्ठजनों और युवाओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर शोदान सिंह पीपला, देवराज सिंह सीतारामपुरा, लोकपाल सिंह जी वाटिका, राम सिंह चांदावास, उमेद सिंह सालग्रामपुरा, चतुर सिंह भाटियावाला, रूप सिंह पीपला, शिवराज सिंह सिरानी, कुलदीप सिंह दांतली, जितेन्द्र सिंह नाथावत, भैरू बना मानसर, प्रदीप बना, राजेन्द्र सिंह बासड़ी, अजीत बना सीतारामपुरा, रघुराज सिंह दादिया, बंटी बना सीतारामपुरा, भंवर सिंह प्रेमपुरा सहित सैकड़ों की संख्या में समाज बंधुओं ने उपस्थित होकर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

### सांचौर -भीनमाल सड़क पर अरणाय गांव सरहद पर कार अनियंत्रित होकर पलटी

**चमकता राजस्थान/सांवलाराम चौधरी जालोर/सांचौर।** सांचौर के निकटतम गांव अरणाय सरहद समीप एक आई 20 गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। हालांकि हादसे में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई। ग्रामीणों ने बताया कि सांचौर से भीनमाल सड़क का कार्य अरणाय गांव से करीबन तीन किलोमीटर सांचौर की तरफ व दो किलोमीटर भीनमाल की तरफ का कार्य दो साल से अधूरा होने से बड़ी-बड़ी गाड़ियां चलने से सड़क पर बिछाई गई रेत व कंकड़ी से धूल उड़ती रहती है जिससे छोटी गाड़ियां ,दो पहिये वाहन तथा पैदल चलने वाले राहगीरों तथा आसपास खेतों मैं काम करने वाले किसानों को भी धूल से परेशानियां झेलनी पड़ रही । धूल के गुब्बारे उड़ने से ऐसी घटनाएं दो-तीन बार घटित हो चुकी है यदि समय पर सड़क कार्य पूरा नहीं किया जाता है तो कभी बड़ी जन हानि हो सकती है।

## "सूदखोर सेठ की दबंगई: ढाई लाख के बदले सात लाख वसूले, अब जेवर देने में आनाकानी"

**चमकता राजस्थान**

**डिंडोरी।** जिला मुख्यालय में एक सूदखोर सेठ की मनमानी का मामला सामने आया है, जहां जरूरत के समय जेवर गिरवी रखकर पैसे लेने वाले पीड़ितों से भारी रकम वसूलने के बाद भी उनके जेवर वापस नहीं किए जा रहे। उल्टा, जेवर मांगने पर धमकी देने और पीड़ितों के खिलाफ ही शिकायत दर्ज कराने की बात सामने आई है ,देवरा गांव निवासी लक्ष्मण दुबे ने बताया कि वर्ष 2016 में उसका छोटा भाई ज्ञानेश्वर आग में झुलस गया था। उसके इलाज के लिए तत्काल पैसों की जरूरत थी। मजबूरी में उसने गांव की धनिया बाई,कमलवती, ममता और चमेली से मदद मांगी। इन महिलाओं ने अपने जेवर उसे दे दिए, जिन्हें उसने नगर के कमल जैन और गोलू जैन के पास ढाई लाख रुपये में 2 प्रतिशत ब्याज पर गिरवी रख दिया। लक्ष्मण के अनुसार, आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह समय-समय पर ही रकम लौटा पाया। उसने 2020 में 30 हजार, 2021 में 25 हजार और 2022 में 20 हजार रुपये जमा किए। शेष 1 लाख 75 हजार रुपये देने के लिए वह तैयार था और पिछले दो वर्षों से सेठ के पास जाकर जेवर वापस करने की गुहार लगा रहा था, लेकिन हर बार उसे टाल दिया गया। आखिरकार 29 जनवरी 2026 को उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद 30 जनवरी को पुलिस ने उसका और संबंधित महिलाओं का बयान लिया। कैश में वसूले सात लाख रुपये लक्ष्मण ने बताया कि गोलू जैन के चाचा बल्लू जैन ने ब्याज सहित कुल 7 लाख 20 हजार रुपये का हिसाब बताया। मजबूरी में उसने इधर-उधर से कर्ज लेकर 7 लाख रुपये नगद और 20 हजार रुपये का चेक लेकर दुकान पहुंचा और पूरी रकम अदा कर दी। पीड़ितों का आरोप है कि 24 फरवरी को सेठ ने उन्हें घर बुलाकर केवल 3 किलो चांदी और 2 तोला सोना ही वापस किया। बाकी जेवर मांगने पर पहले धमकाया और फिर कहा कि ''होली के बाद मिल जाएगा।'' इसके बाद से उसने बात करना ही बंद कर दिया। लक्ष्मण का कहना है कि वह महिलाओं के साथ कई बार दुकान भी गया और उनसे कहा कि ''इनका जेवर वापस कर दो'', लेकिन हर बार उसे टाल दिया गया।''ऊपर से चोरी, नीचे से सीना ज़ोरी''पीड़ितों का आरोप है कि सेठ ने उल्टा उन्हीं के खिलाफ शिकायत दर्ज करवा दी, जिससे मामला और पेचीदा हो गया है। पुलिस बोली झ्र जांच जारी इस मामले में थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद नगपुरे का कहना है कि लेन-देन से जुड़ी शिकायत मिली है। मामले की जांच सब-इंस्पेक्टर को सौंपी गई है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सिविल लाइंस विधायक ने ब्लड डोनर्स को किया सम्मानित

**चमकता राजस्थान**

जयपुर। न्यू सांगानेर रोड स्थित देवी नगर में रविवार को रक्तदान और जांच शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और उन्हें प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

मानव समाज सेवा संस्थान अध्यक्ष डॉ. मुकेश गुप्ता ने बताया कि सुबह 9 बजे से 2 बजे तक कैंप का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक की मदद से 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कैंप में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, थायरॉयड, बीएमडी और ईसीजी समेत जांचें की गईं। वहीं दवाइयों का भी वितरण किया गया।यह शिविर इंडियन इंस्टीट्यूट आफ़ होम्योपैथिक फिजिशियंस,राज आँगन फाउंडेशन,ढंड डायबिटीज एसोसिएशन व श्री वार्ष्णेय वैश्य




स्पोर्ट्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

कैंप में डॉ. मुकेश गुप्ता, डॉ. अशोक लादुना, डॉ. महेश सिंघल, डॉ. दीप शिखा अग्रवाल, डॉ. विनोद शर्मा, डॉ. अमिता अग्रवाल, डॉ. अंशु अग्रवाल, डॉ. सुनीता जैन, डॉ. अभिनव शर्मा, डॉ. मोहम्मद अमान और डॉ. मोहम्मद अब्बास ने अपनी सेवाएं दीं। वहीं एक्सपर्ट लैब के डायरेक्टर जय करण चारण ने ईसीजी और थायरॉयड की जांच निशुल्क की। कैंप में मरीजों को होम्योपैथिक एवं एलोपैथिक दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान आशीष पोरवाल, विजय सैनी,शोर्य शर्मा,विपिन गुप्ता अर्पिता माथुर,इशिता बिंद्रा, डॉ ओम बालोदिया,बिजय गुप्ता,एनएल भाटिया, चेतन गोस्वामी, राकेश गर्ग, प्रदीप यादव आदि मौजूद रहे। इस दौरान स्वास्थ्य एवं मीडिया के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वालो को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## विधानसभा क्षेत्र मनोहरथाना के अकलेरा में प्रधानमंत्री मोदी का पुतला दहन

**चमकता राजस्थान**

**गोपाल सिलोरिया करावन झालावाड़।** केन्द्र की मोदी सरकार की गलत विदेश नीतियो के कारण देश मे ईंधन का संकट व्याप्त हो गया है। सरकार द्वारा आमजन पर महंगाई का बोझ डालते हुए घरेलू रसोई गैस के दामों में भारी बढ़ोतरी की गई है। रसोई गैस के दाम बढ़ाने के विरोध में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर झालावाड़ कांग्रेस जिलाध्यक्ष एडवोकेट वीरेन्द्र सिंह जी गुर्जर के मुख्य आतिथ्य में नेमीचन्द जी मीणा कांग्रेस विधायक प्रत्याशी विधानसभा क्षेत्र मनोहरथाना के



नेतृत्व में नगर के मुख्य बाजार होते हुए शहीद मुकुट बिहारी सर्किल तक नारेबाजी करते हुए, भारी विरोध प्रदर्शन करते हुए विशाल रैली सर्किल पर पहुंची व भारी आक्रोश के साथ जनता ने प्रधानमंत्री मोदी का पुतला दहन किया....

विशाल रैली व पुतला दहन कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य मोहम्मद सिद्दीक गौरी, पूर्व नगरपालिका चैयरमेन बालकिशन बादल, अकलेरा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष फूलसिंह गुर्जर, मनोहरथाना कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पोरस साहू, अकलेरा कांग्रेस नगर अध्यक्ष नासीर पठान, पूर्व जिला उपाध्यक्ष हाजी न्याज मोहम्मद, भारमल मीणा, मांगीलाल लोधा, कांग्रेस संगठन महामंत्री रूपचन्द मीणा, जावर सरपंच परमानंद लोधा, लावासल पूर्व सरपंच कमलेश गुर्जर, रामप्रसाद लोधा तारागढ़, बालकिशन पाटीदार, एडवोकेट भोजराज पारेता, मांगीलाल प्रजापति, मैठून पूर्व सरपंच पप्पूलाल मीणा, गोविन्द सोनी, पूर्व जिला परिषद सदस्य बीरमचंद लोधा, मंडल अध्यक्ष राजू मेरोठा, उमराव सिंह गुर्जर, कन्हीराम तंवर, गिरिराज मीणा, अशोक मीणा, हुकमचंद मीणा, असलम खान, पुरसिंह गुर्जर, महेश राठौर, धनराज राठौर, सुजानसिंह रुहेला, रघुवीर सिंह राठौड़, जगदीश एरवाल, दुर्गाशंकर मीणा, गोकुल भील, आशु पाराशर, अर्जुन नामा, प्रितेश वैष्णव, प्रकाश डुमाला, रोहित खान, निसार मेव, अल्ताफ खान, दौलतराम मीणा कटफला, हरीश्याम मीणा, सलामत खान, फरियाद खान, प्रवक्ता कमलेश मेघवाल, भोजराज गुर्जर, सोहेल खान, फिरोज खान, ओमप्रकाश बैरवा, श्रीराम नागर, राकेश मीणा, राजू पिंडारी, भूपेंद्र बना, मोरपाल मीणा, मनोज मीणा, नरोत्तम राठौर, नरेंद्र बैरवा, दुर्गाशंकर मेघवाल, सुमित पंवार आदि आम नागरिक, सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

मिशन 2027 का शंखनाद:

### दादरी में जुटेगा 32 जिलों का जनसैलाब, अखिलेश यादव भरेंगे हुंकार

**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को धार देते हुए समाजवादी पार्टी ने पश्चिमी यूपी में अपनी ताकत झोंक दी है। सहारनपुर के घंटाघर स्थित एक सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं रैली संयोजक राजकुमार भाटी ने घोषणा की कि आगामी 29 मार्च 2026 को दादरी में ऐतिहासिक 'समाजवादी समानता भाईचारा रैली' का आयोजन किया जाएगा, जिसे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव संबोधित करेंगे। वरिष्ठ सपा नेता अभिषेक टिंकू अरोड़ा द्वारा पगड़ी और शॉल भेंट कर सम्मानित किए गए राजकुमार भाटी ने बताया कि इस रैली की तैयारियां अगस्त 2025 से ही युद्ध स्तर पर चल रही हैं और अब तक 50 से अधिक विधानसभाओं में 'पीडीए चौपाल' के जरिए जनसंपर्क साधा जा चुका है। प्रदेश के 32 जिलों की लगभग 140 विधानसभा क्षेत्रों से आने वाली भारी भीड़ के साथ यह रैली पश्चिमी उत्तर प्रदेश के राजनीतिक समीकरणों को बदलने और वर्तमान भाजपा सरकार की नीतियों से त्रस्त सर्वसमाज, विशेषकर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) और पीड़ित सामान्य वर्ग को एक मंच पर लाने का काम करेगी। लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में भाटी ने स्पष्ट किया कि जिला व विधानसभा स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति कर दी गई है और यह रैली सपा के लिए सत्ता परिवर्तन का निर्णायक शंखनाद साबित होगी।

### सहारनपुर पुलिस की मुस्तैदी: जनपद में यूपी पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के तत्वावधान में आज दिनांक 15 मार्च 2026 को जनपद सहारनपुर के 25 परीक्षा केंद्रों पर पुलिस उपनिरीक्षक पद के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन पूरी शुचिता और कड़ी सुरक्षा के बीच सकुशल संपन्न कराया गया। जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में परीक्षा को दो पालियों में आयोजित किया गया, जिसमें प्रशासन ने नकल विहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए थे। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जनपद में कुल 19,680 अभ्यर्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होना था, जिनमें से 13,198 अभ्यर्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जबकि 6,482 अभ्यर्थी विभिन्न कारणों से अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक सत्यापन और सघन चेकिंग के बाद ही प्रवेश दिया गया, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बनी रही। सहारनपुर पुलिस द्वारा यातायात प्रबंधन से लेकर केंद्रों की सुरक्षा तक के पुख्ता इंतजामों के कारण अभ्यर्थियों को किसी बड़ी असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा, जिसके सफल समापन पर प्रशासन ने राहत की सांस ली है।

### ईसला अजमेर यूनिट द्वारा वरिष्ठ सर्वेयर वीरेंद्र कुमार बहल एंव किशन लाल गुंजल के सम्मान में समारोह आयोजित



**चमकता राजस्थान/ रघुनंदन पारीक श्रीनगर/अजमेर।** अजमेर यूनिट के वरिष्ठ सर्वेयर श्री वीरेंद्र कुमार बहल ने 47 वर्ष के असीम कार्यकाल के पश्चात सेवानिवृत्ति की घोषणा की। इस उपलक्ष्य में अजमेर यूनिट द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सेवानिवृत्त सर्वेयर श्री किशन लाल गुंजल एवं श्री वीरेंद्र कुमार बहल को सम्मानित किया गया तथा उनके द्वारा बीमा व्यवसाय को दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया।
कार्यक्रम यूनिट कोऑर्डिनेटर श्रीमती सुनीता शौर्य की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान चैप्टर चेयरमैन श्री तिलक राज वर्मा उपस्थित रहे। साथ ही आरएमसी सदस्य राजेंद्र सिंह राठौड़, विशेष शर्मा एवं ललित दुबे भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन श्री विवेक पाठक द्वारा किया गया। इस अवसर पर अजमेर यूनिट के प्रदीप शर्मा, अनिल श्रोत्रिय, आशीष गोयल, अक्षय त्रिपाठी, प्रतीक पाराशर, अभिषेक पारीक, अमित शर्मा, सुरेश चंद शर्मा, रूपेश इंदौरा, आशीष पारीक, चंद्र प्रकाश बैरवा, अनुराग शर्मा सहित अन्य सर्वेयर उपस्थित रहे।

### राजस्थान दिवस पर रानी में चला प्लास्टिक के खिलाफ जागरूकता अभियान




**चमकता राजस्थान/भरत कुमार गांधी/ रानी।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में नगर पालिका रानी ने शहर को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में विशेष पहल करते हुए रविवार को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान नगर पालिका टीम बाजार क्षेत्र में पहुंची और दुकानदारों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान के बारे में समझाया।
अधिशासी अधिकारी मगराज चौधरी के निर्देशानुसार चलाए गए इस अभियान में दुकानदारों से प्लास्टिक की थैलियों के स्थान पर कपड़े या अन्य पर्यावरण अनुकूल थैलियों का उपयोग करने की अपील की गई। टीम ने बताया कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक है, इसलिए इसके उपयोग से बचना बेहद जरूरी है।
अभियान के दौरान स्वच्छ भारत मिशन के इंजीनियर मोनूकांत, कार्यवाहक तेजकरण, जमादार सुरेश आदिवाल सहित नगर पालिका के सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।
नगर पालिका प्रशासन ने आमजन से भी अपील की कि वे सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग बंद करें और स्वच्छ, सुंदर एवं प्लास्टिक मुक्त रानी बनाने में सहयोग दें।

18 मार्च की जनरल मीटिंग में रखा जाएगा प्रस्ताव

# समाजसेवक अमोल केंद्रे की मांग के बाद प्रशासन ने शुरू की कार्रवाई

## ठाणे महानगरपालिका हॉकर्स के बायोमेट्रिक रजिस्ट्रेशन के लिए कॉन्ट्रैक्टर नियुक्त करने का प्रस्ताव लाएगी

चमकता राजस्थान



**अरविंद कोठारी/ठाणे।** ठाणे महानगरपालिका प्रशासन ने शहर में सिटी स्ट्रीट वेंडर कमेटी के गठन के लिए टाले गए चुनावों को दोबारा कराने की दिशा में कदम उठाना शुरू कर दिया है। राजनीतिक दलों और हॉकर्स संगठनों की आपत्तियों को ध्यान में रखते हुए पालिका ने फेरीवालों के लिए नया रजिस्ट्रेशन प्रोसेस शुरू करने का फैसला लिया है। इस प्रक्रिया के तहत शहर के सभी फेरीवालों का बायोमेट्रिक सर्वे किया जाएगा और उन्हें आधिकारिक रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट व पहचान पत्र दिए जाएंगे। इस कार्य के लिए एक कॉन्ट्रैक्टर नियुक्त करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिसे मंजूरी के लिए 18 मार्च को होने वाली जनरल मीटिंग में पेश किया जाएगा। इस परियोजना की अनुमानित लागत 49 लाख 50 हजार रुपये बताई गई है।
गौरतलब है कि 9 सितंबर 2013 को सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल हॉकर पॉलिसी को लागू करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद ठाणे महानगरपालिका ने राज्य सरकार के निर्देशानुसार सिटी हॉकर कमेटी का गठन किया था। कमेटी की मंजूरी से 2016 और 2019 में फेरीवालों का सर्वे किया गया था और आवश्यक दस्तावेज पूरे करने वाले फेरीवालों को रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट दिए गए थे। बाद में राज्य सरकार के निर्देश के अनुसार ठाणे में सिटी स्ट्रीट वेंडर कमेटी के गठन के लिए चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। इसके तहत फरवरी 2023 तक रजिस्टर्ड फेरीवालों की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की गई थी और 26 मार्च 2025 को आठ प्रतिनिधियों के चुनाव का कार्यक्रम घोषित किया गया था। हालांकि, इस प्रक्रिया पर कई फेरीवाला संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, राजनीतिक दलों और पूर्व नगरसेवकों ने आपत्ति जताई। राजीव गांधी हॉकर्स यूनियन ने इस मामले में हाईकोर्ट में जनहित याचिका भी दाखिल की। इन आपत्तियों को देखते हुए नगर आयुक्त ने 3 अप्रैल 2025 को चुनाव प्रक्रिया स्थगित करने का निर्णय लिया।
इसके बाद स्ट्रीट वेंडर स्कीम 2017 के नियमों के अनुसार, हर पांच साल में होने वाले पुनः सर्वे के तहत शहर के सभी फेरीवालों का नया सर्वे कराने का निर्णय लिया गया। नगर आयुक्त ने 7 मई 2025 को पूरे महानगरपालिका क्षेत्र में दोबारा सर्वे की मंजूरी दी। अब इस नई प्रक्रिया के तहत फेरीवालों का बायोमेट्रिक सर्वे, रजिस्ट्रेशन और पहचान पत्र वितरण किया जाएगा।
इस मुद्दे को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता अमोल केंद्रे ने पालिका मुख्यालय के बाहर मोर्चा और धरना आंदोलन भी किया था। इस आंदोलन में अश्विनी केंद्रे, दीपक भालेराव, पत्रकार अरविंद कोठारी, अनिल मौर्या, अभयलाल दुबे, राजू गुप्ता सहित हजारों की संख्या में फेरीवाले मौजूद थे। आंदोलन के दौरान उपायुक्त (मुख्यालय) गोदपुरे को निवेदन भी सौंपा गया था। अब ठाणे की जनता और फेरीवालों को उम्मीद है कि प्रशासन इस पूरी प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करेगा।

## अनूपगढ़: होमवर्क अधूरा होने पर निजी स्कूल के प्रिंसिपल ने बच्चों को प्लास्टिक पाइप से पीटा, मामला दर्ज

चमकता राजस्थान

**अनूपगढ़ (संजय बिश्नोई)।** क्षेत्र के निकटवर्ती गांव 71 जीबी में एक निजी स्कूल में बच्चों के साथ मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि होमवर्क अधूरा होने पर स्कूल के प्रिंसिपल ने दो मासूम छात्रों को प्लास्टिक की पाइप से बेरहमी से पीट दिया, जिससे एक बच्चे की हालत गंभीर हो गई और उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।
जानकारी के अनुसार गांव 71 जीबी में संचालित केएस पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल सुनील बिश्नोई के खिलाफ दोनों बच्चों के परिजनों ने कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए मामला दर्ज करवाया है। परिजनों का आरोप है कि 11 मार्च को चौथी कक्षा में पढ़ने वाले दो छात्रों का होमवर्क पूरा नहीं होने पर प्रिंसिपल ने उन्हें पहले ''मुर्गा'' बनाया और फिर प्लास्टिक के डंडे से उनके पिछवाड़े पर बेरहमी से पिटाई की। मारपीट इतनी गंभीर थी कि दोनों बच्चों के शरीर पर डंडों के निशान आज भी स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि प्रिंसिपल ने बच्चों को धमकी दी थी कि यदि उन्होंने घर जाकर घटना के बारे में बताया तो उन्हें दोबारा पीटा जाएगा।
पीड़ित बच्चों में से एक के पिता ने बताया कि 13 मार्च से वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं, लेकिन जब वह अपने बेटे को परीक्षा दिलाने स्कूल लेकर गए तो प्रिंसिपल ने उसे परीक्षा में बैठने से साफ मना कर दिया। आरोप है कि फीस बकाया होने का हवाला देते हुए प्रिंसिपल ने बच्चे को परीक्षा देने से रोक दिया और धक्का देकर स्कूल से बाहर निकाल दिया। बच्चे के पिता के अनुसार स्कूल की करीब 8000 रुपये फीस बकाया है।
उन्होंने बताया कि उनका बेटा मात्र 10 वर्ष का है और पिटाई के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई थी। पहले उसे रामसिंहपुर के राजकीय प्राथमिक अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे सूरतगढ़ रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर रामसिंहपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची थी।
दूसरे बच्चे की मां ने बताया कि 11 मार्च को जब उनका बेटा स्कूल से घर आया तो वह दर्द से रो रहा था। पूछने पर उसने बताया कि प्रिंसिपल ने होमवर्क पूरा नहीं होने पर उसे बुरी तरह पीटा है।
मामले को लेकर रामसिंहपुर थाना प्रभारी ईश्वर जांगिड़ ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज की जा रही है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।
घटना सामने आने के बाद क्षेत्र में लोगों में रोष है और अभिभावक दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

सहारनपुर पुलिस का अपराधियों पर बड़ा प्रहार:

### चोरी, तस्करी और साइबर ठगी के मामलों में मिली बड़ी सफलता

**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** जनपद में अपराध नियंत्रण और अपराधियों की धरपकड़ के लिए डीआईजी अभिषेक सिंह और एसएसपी अभिनंदन सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत सहारनपुर पुलिस ने पिछले 24 घंटों में कई महत्वपूर्ण सफलताएं अर्जित की हैं। थाना सरसावा पुलिस ने प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में दो अलग-अलग मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए हरियाणा मार्का अवैध शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया, साथ ही ट्रैक्टर-ट्रॉली के कीमती उपकरण और नकदी चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को भी सलाखों के पीछे भेजा, जिनका लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। इसी क्रम में, साइबर अपराध के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाते हुए थाना रामपुर मनिहारान की साइबर हेल्प डेस्क टीम ने तत्परता दिखाते हुए डछ पर कार खरीदने के नाम पर ठगी का शिकार हुए एक पीड़ित के बैंक खाते में 6,100 रुपये वापस कराए, जिसकी क्षेत्र में काफी सराहना हो रही है।
वहीं, थाना देहात कोतवाली पुलिस ने प्रभारी सुनील नागर के कुशल नेतृत्व में ढमोला नदी पुल पर चेकिंग के दौरान एक अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने घेराबंदी कर दो शातिर वाहन चोरों, अशरफ उर्फ सोनू और नदीम को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 5 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं; पकड़े गए इन आरोपियों पर पहले से ही संगीन धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। इसके अतिरिक्त, थाना कुतुबशेर पुलिस ने भी सतर्कता दिखाते हुए मानकमऊ नहर पटरी के पास से एक शातिर अपराधी को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि अपराधियों के विरुद्ध यह ₹धड़ाधड़₹ कार्रवाई जारी रहेगी और जनता को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।


## कामां का नाम कामवन होने पर विधायक नौक्षम चौधरी का भव्य स्वागत

चमकता राजस्थान



**राकिब खांन।** कामां का नाम बदलकर कामवन किए जाने की घोषणा के बाद शहर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर कामवन शहरवासियों तथा सर्व समाज के लोगों ने विधायक नौक्षम चौधरी का भव्य स्वागत किया नौक्षम चौधरी जिंदाबाद के नारो से पूरा बाजार गूंजा। पंजाबी समाज, सैनी समाज, गुर्जर समाज, जाट समाज, मुस्लिम समाज, बाल्मीकि समाज, दलित समाज, पत्रकार संघ सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने विधायक का फूल-मालाओं, शॉल, चांदी का मुकुट पहनाकर एवं तस्वीर भेंट कर सम्मान किया।
स्वागत कार्यक्रम के दौरान विधायक नौक्षम चौधरी ने नगर पालिका से लाल दरवाजा तक पैदल यात्रा की। इस यात्रा में बड़ी संख्या में शहरवासी, व्यापारी, दुकानदार और भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे। रास्ते भर दुकानदारों और व्यापारियों ने विधायक पर पुष्पवर्षा कर उनका आभार व्यक्त किया। पूरे मार्ग में स्वागत और अभिनंदन का माहौल बना रहा।
इस अवसर पर विधायक नौक्षम चौधरी ने कहा कि कामां का नाम कामवन होना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का धन्यवाद व्यक्त किया। विधायक ने कहा कि कामवन नाम से क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को नई मजबूती मिलेगी। इससे कामवन को एक प्रमुख तीर्थ स्थल के रूप में पहचान मिलेगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।
उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और जनभावनाओं के सम्मान की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में भाजपा के अनेक कार्यकर्ता, सरपंचगण, गणमान्य नागरिक, समाजसेवी तथा विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था और सभी ने इस निर्णय का स्वागत किया।

### लोहावट में पर्यावरण प्रेमी गौरव यात्रा का भव्य स्वागत



**चमकता राजस्थान/अनिल सैन/ फलोदी।** लोहावट में सरपंच जितेन्द्र सैन के नेतृत्व में पर्यावरण प्रेमी गौरव यात्रा का भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस दौरान बिश्नोई महासभा के अध्यक्ष श्री देवेंद्र बुढ़िया का सरपंच जितेन्द्र सैन ने साफा पहनाकर स्वागत किया। साथ ही पर्यावरण प्रेमी दिनेश इशरवाल और मांगीलाल नोखड़ा का भी माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उत्तम चंद सैन, अखराज टाक, दिनेश टाक, एडवोकेट ललित सेन, धनराज, किशनाराम भादू, गोपाल प्रजापत, स्वरूप, मोहित सहित कई वरिष्ठजन मौजूद रहे। सभी पर्यावरण प्रेमियों का माला पहनाकर सम्मान किया गया। वहीं सैन समाज द्वारा सभी के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और सम्मान का माहौल देखने को मिला।

## जयपुर में राष्ट्रीय खत्री गौरव अवार्ड समारोह, मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री राजीव अरोड़ा ने समाज सेवा और शिक्षा पर दिया जोर

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** शास्त्री नगर में रविवार को माता हिंगलाज एवं वरुणदेव चैरिटेबल ट्रस्ट तथा अखिल भारतीय खत्री-मोदी-अरोड़ा समन्वय समिति के तत्वावधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय खत्री मीट एवं युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन के अवसर पर राष्ट्रीय खत्री गौरव अवार्ड 2026 समारोह का आयोजन किया गया।
इस कार्यक्रम में राजीव अरोड़ा, पूर्व राज्य मंत्री, राजस्थान सरकार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को राष्ट्रीय खत्री गौरव अवार्ड 2026 प्रदान कर सम्मानित किया तथा समाज के उत्थान, शिक्षा, उद्यमिता और सेवा भावना पर अपने विचार व्यक्त किए।
अपने संबोधन में राजीव अरोड़ा ने कहा कि अरोड़ा-खत्री समाज साहस, परिश्रम, व्यापारिक कुशलता और सेवा भावना की जीवंत परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विभाजन जैसी कठिन परिस्थितियों के बावजूद समाज के लोगों ने अपनी मेहनत, ईमानदारी और आत्मविश्वास के बल पर देश-दुनिया में अपनी पहचान बनाई। छोटे व्यापार से शुरू होकर



अनेक लोगों ने बड़े उद्योग स्थापित किए और समाज सेवा में भी अग्रणी भूमिका निभाई।
उन्होंने कहा कि आज के बदलते दौर में समाज को शिक्षा, ज्ञान और नवाचार को प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे पारंपरिक व्यापार के साथ-साथ तकनीक, स्टार्टअप और वैश्विक अवसरों को अपनाते हुए नई ऊँचाइयों को प्राप्त करें।
राजीव अरोड़ा ने कहा कि समाज की सफलता तभी सार्थक है जब उससे समाज और राष्ट्र को लाभ मिले। जरूरतमंदों की सहायता, शिक्षा के प्रसार और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करना समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।
उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बड़े सपने देखने और दुनिया में नई पहचान बनाने का साहस रखें, लेकिन अपनी जड़ों और संस्कारों को कभी न भूलें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यदि समाज एकजुट होकर आगे बढ़ेगा तो शिक्षा, उद्यमिता, सेवा और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में नई मिसाल कायम करेगा।
इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग, बुजुर्ग, माताएं-बहनें और युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न घटकों; सिख, सिंधी, तेलीया, मुल्तानी, भाटिया, अरोड़ा, मोदी खत्री, पंजाबी खत्री एवं ब्रह्म खत्री को एक मंच पर लाकर सामाजिक एकता को मजबूत करना और युवा पीढ़ी को प्रेरित करना रहा।
कार्यक्रम के अंत में आयोजक आर के मोदी ने मुख्य अतिथि राजीव अरोड़ा का आभार व्यक्त किया तथा समाज के उज्ज्वल भविष्य के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।

# रायसिंहनगर के युवा आर्यन बिश्नोई बड़े पर्दे पर, राजस्थानी फिल्म 'ऑफलाइन' में दिखेगी दमदार अदाकारी

चमकता राजस्थान



**रायसिंहनगर (संजय बिश्नोई)।** सीमावर्ती क्षेत्र के युवाओं का हुनर अब बड़े पर्दे तक पहुंचने लगा है। रायसिंहनगर के 82 आरबी चक निवासी युवा कलाकार आर्यन बिश्नोई जल्द ही राजस्थानी फिल्म डा'ल्ली में अपनी दमदार अदाकारी से दर्शकों का मनोरंजन करते नजर आएंगे। इस फिल्म में आर्यन को एक महत्वपूर्ण भूमिका दी गई है। खास बात यह है कि इस फिल्म में उन्होंने बॉलीवुड और टीवी जगत के प्रसिद्ध अभिनेता सुदेश बेरी और राजस्थानी सिनेमा की चर्चित अभिनेत्री नीलू यादव के साथ स्क्रीन साझा की है। फिल्म में मुख्य अभिनेता के रूप में जावेद खान नजर आएंगे।

### ● नेगेटिव किरदार में दिखाएंगे दम

फिल्म में आर्यन बिश्नोई एक गैंगस्टर के सहयोगी के रूप में नकारात्मक भूमिका निभाते दिखाई देंगे। यह किरदार चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ कहानी में अहम मोड़ भी लाता है। आर्यन का कहना है कि एक कलाकार के लिए किरदार छोटा या बड़ा नहीं होता, बल्कि उसकी प्रस्तुति और प्रभाव ही उसकी असली पहचान बनाता है।

### ● सोशल मीडिया से सिनेमा तक का सफर

आर्यन सोशल मीडिया पर @ Actoraryanonline नाम से भी जाने जाते हैं और अपने अभिनय से जुड़ी कई वीडियो व प्रोजेक्ट्स पहले ही शूट कर चुके हैं। प्रारंभिक शिक्षा उन्होंने अपने पिता के विद्यालय से प्राप्त की और बाद में ग्रेजुएशन पूरी की। बचपन से ही अभिनय के प्रति रुचि होने के कारण उन्होंने लगातार इस क्षेत्र में मेहनत जारी रखी।

### ● क्षेत्र में खुशी का माहौल

आर्यन की इस उपलब्धि से 82 आरबी सहित पूरे रायसिंहनगर क्षेत्र में खुशी की लहर है। परिवारजनों और शुभचिंतकों को उम्मीद है कि आर्यन आने वाले समय में राजस्थानी और हिंदी सिनेमा में क्षेत्र का नाम और ऊंचा करेंगे। फिल्म का निर्देशन विजय सुथार ने किया है और यह फिल्म 27 मार्च 2026 को राजस्थान के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान दिवस समारोह 2026 के तहत फलौदी जिला मुख्यालय पर आज 'रन फॉर विकसित राजस्थान' का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया



**चमकता राजस्थान/अनिल सैन/ फलोदी।** यह दौड़ नगर परिषद से मेजर शैतान सिंह स्टेडियम तक निकाली गई, जिसका उद्देश्य आमजन को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना और विकसित राजस्थान के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना रहा।
उपखण्ड अधिकारी पूजा चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। इस दौरान एसीईओ गौतम चौधरी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ विकसित राजस्थान के सपने को मजबूत करने का काम करते हैं। कार्यक्रम में पुलिस जवानों, युवाओं, महिलाओं, छात्र-छात्राओं और खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दौड़ में शामिल प्रतिभागियों को टी-शर्ट और केप वितरित किए गए, वहीं अल्पाहार और पेयजल की भी व्यवस्था की गई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी पूर्णराम देव, सीआई भवरलाल, जिला खेल अधिकारी बुद्धाराम विश्नोई सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

### गैस की समस्या, सरकार की विफलता

#### ● लोहावट मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन में उमड़ा लोगों का हुजूम



**चमकता राजस्थान/अनिल सैन/ फलोदी।** लोहावट मुख्यालय स्थित उपखंड कार्यालय के सामने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार केंद्र सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन रसोई गैस के दामों में बढ़ोतरी और कॉमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध करवाने में विफलता को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लोहावट एवं बापिणी के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका गया और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया।
इस अवसर पर पूर्व विधायक किसनाराम विश्नोई ने कहा कि सरकार की विफल विदेश नीति और संवेदनहीन फैसलों के कारण आज देश में घरेलू और कॉमर्शियल गैस की कमी से हाहाकार मचा हुआ है। उन्होंने कहा कि इससे मध्यम वर्ग परेशान है और उद्योग-धंधों पर भी संकट गहरा गया है। मजदूरों के रोजगार पर असर पड़ रहा है। विश्नोई ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते सरकार नहीं चेती तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी।
धरना प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी फलोदी अध्यक्ष सलीम नागौरी, ब्लॉक अध्यक्ष पुखराज मेघवाल, दिलीप चौधरी, प्रधान बापिणी बस्तीराम मेघवाल, प्रधान आऊ गन्नी खान, उप प्रधान लोहावट मांगीलाल कड़वासरा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान लोहावट मुख्यालय पर लोगों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा।

### कामवन का नामकरण समारोह: विधायक नौक्षम चौधरी का अभिनंदन



**चमकता राजस्थान/मनोज खत्री जिला ब्यूरो चीफ डीग।** कामवन (पूर्व कामा)- कामा का नाम बदलकर कामवन किए जाने के उपलक्ष्य में क्षेत्रीय विधायक नौक्षम चौधरी का स्थानीय लोगों द्वारा भव्य अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों ने विधायक को फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया और क्षेत्र के लिए उनके योगदान पर आभार व्यक्त किया।
कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि नाम परिवर्तन से क्षेत्र की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान को नई मजबूती मिलेगी और आने वाले वर्षों में क्षेत्र का विकास और भी सुगम होगा।
विधायक नौक्षम चौधरी ने सभी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि वे क्षेत्र के विकास और जनता की भलाई के लिए लगातार काम करेंगे।
कार्यक्रम में सर्व समाज के प्रमुख लोग उपस्थित रहे। इसमें शामिल थेः अपना घर सेवा समिति के अध्यक्ष प्रमोद पुजारी, व्यापार मंडल के अध्यक्ष कमल अरोड़ा, भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री अली हुसैन, पार्षद धीरेज अवस्थी, डॉ. शक्ति सिंह (मंडल अध्यक्ष केथवाड़ा), विश्व हिंदू परिषद जिला सहसंयोजक अरविंद शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि रुबी खान (कर्मुका), गौ सेवक भूरा गुर्जर, बजरंग दल प्रांत सह संयोजक रामेश्वर गुर्जर, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष याकूब खान, रवि तिवारी शहर मंडल अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण और गणमान्य नागरिक।

# अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना की बैठक आयोजित

चमकता राजस्थान



राकेश अग्रवाल/सवाई माधोपुर। अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में गुर्जर समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों और संगठन के पदाधिकारियों ने भाग लेकर समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक के पश्चात संगठन की ओर से मीडिया के साथ प्रेसवार्ता कर आगामी योजनाओं तथा समाज की मांगों को लेकर संगठन की रणनीति साझा की गई।
प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एडवोकेट रंगलाल गुर्जर ने कहा कि संगठन देशभर में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाकर अगले छह महीनों के भीतर 50 लाख 'देवसैनिक' तैयार करने का लक्ष्य लेकर कार्य कर रहा है। इसके लिए देवसेना की टीम देश के विभिन्न राज्यों का दौरा कर प्रदेश स्तर पर संगठनात्मक ढांचे को सशक्त बनाएगी तथा राज्य, जिला और तहसील स्तर पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी।
उन्होंने बताया कि गुर्जर समाज द्वारा उन्हें राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसके बाद संगठन को मजबूत बनाने और समाज की लंबित मांगों को पूरा कराने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अब तक तहसील एवं जिला स्तर पर कई अध्यक्षों की नियुक्ति की जा चुकी है, वहीं दस राज्यों में प्रदेश अध्यक्षों की घोषणा भी की जा चुकी है। रंगलाल गुर्जर ने कहा कि गुर्जर समाज की प्रमुख मांगों में समाज का नाम नई अनुसूची में शामिल करना, पांच प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करना, गुर्जर रेजिमेंट का गठन, नगर निकायों व पंचायत संस्थाओं में आरक्षण तथा विधानसभा और लोकसभा में भी समाज को प्रतिनिधित्व प्रदान करना शामिल है।
उन्होंने कहा कि वर्तमान में संगठन के लगभग साढ़े तीन लाख सदस्य हैं, जिन्हें सक्रिय करते हुए आगामी तीन से छह महीनों में पूरे देश में 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बाद सरकार के समक्ष समाज की मांगों को मजबूती से रखा जाएगा।

## भारत विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष एवं महासचिव ने प्रांतीय कार्य समिति की घोषणा की

**चमकता राजस्थान/दौसा। (दीपक शर्मा बामनवास)।** भारत विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष हेमंत गर्ग एवं प्रांतीय महासचिव धर्मेंद्र मित्तल ने भारत विकास परिषद के प्रांतीय कार्य समिति की घोषणा की।



जिसमें दोसा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता संजय पीलवा को भारत विकास परिषद राजस्थान पूर्व का प्रांतीय गतिविधि संयोजक संस्कार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी।
संजय पीलवा गत कई वर्षों से भारत विकास परिषद व अन्य सामाजिक संगठनों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं पूर्व में दोसा शाखा में सचिव, अध्यक्ष सहित कई जिम्मेदारियां का निर्वहन कर चुके है।
दोसा शाखा को लगभग 25 वर्ष पश्चात में प्रथम बार प्रांतीय कार्य समिति में दो दायित्व मिले हैं इस अवसर पर परिषद के प्रांतीय वित्त सचिव राहुल खंडेलवाल वर्ष 2026-27 के अध्यक्ष विष्णु देव खंडेलवाल सचिव राम धोकरिया, कोषाध्यक्ष मुकेश डांगरवाड़ा, जिला संयोजक राजेश जटवाड़ा, प्रकल्प प्रभारी नवीन रेला ,विजय मित्तल आशीष भेडोली , संजय जैन , वह भाजपा जिला महामंत्री विपिन जैन सहित कई सदस्यों ने श्री पीलवा के घर जाकर उनका सम्मान कर बधाई दी।

## सरकार के आदेशों को ठेंगा: पदमपुर में पीडब्ल्यूडी ने काट डाले 15-20 खेजड़ी के पेड़, 36 कौम में रोष

**चमकता राजस्थान/श्रीगंगानगर( संजय बिश्नोई)।** एक ओर बीकानेर में 36 कौम के लोगों द्वारा खेजड़ी के पेड़ों को बचाने के लिए लगातार धरना-प्रदर्शन किया गया और सरकार के साथ यह सहमति बनी कि जब तक इस विषय पर स्पष्ट कानून नहीं बन जाता, तब तक किसी भी खेजड़ी के पेड़ को नहीं काटा जाएगा। वहीं दूसरी ओर श्रीगंगानगर जिले के पदमपुर क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी विभाग ने इस सहमति और सरकारी भावना को ठेंगा दिखाते हुए 15 से 20 खेजड़ी के पेड़ों को बिना किसी स्वीकृति और मंजूरी के काट दिया।
स्थानीय लोगों का आरोप है कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क कार्य के दौरान यह पेड़ काटे गए, जबकि खेजड़ी को पर्यावरण और मरुस्थलीय क्षेत्र की जीवनरेखा माना जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार और 36 कौम के बीच बनी सहमति के बावजूद विभाग द्वारा इस तरह पेड़ों की कटाई करना सीधे-सीधे सरकारी आदेशों की अवहेलना है।
ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने इस घटना पर कड़ा रोष जताते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा।
लोगों का कहना है कि खेजड़ी का पेड़ केवल एक पेड़ नहीं बल्कि राजस्थान की संस्कृति, पर्यावरण और किसानों की आस्था से जुड़ा हुआ है। ऐसे में बिना अनुमति बड़ी संख्या में पेड़ काटना गंभीर मामला है।
अब देखना यह होगा कि प्रशासन और राज्य सरकार इस मामले में क्या कदम उठाती है और क्या पीडब्ल्यूडी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई होती है या नहीं।

## सूरतगढ़ से बाड़मेर तक कई शिक्षण संस्थानों में हुआ विमोचन, विशेषज्ञों ने बताया प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी



**चमकता राजस्थान/बाड़मेर/सूरतगढ़ ।** RPSC ग्रेड 2nd (SST) अर्थशास्त्र विषय की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए लिखी गई ''- THE ECOM'' पुस्तक का विमोचन सूरतगढ़ स्थित भाटिया आश्रम में किया गया। इस पुस्तक के लेखक भारमल चौधरी (व्याख्याता, अर्थशास्त्र) हैं। भाटिया आश्रम सूरतगढ़ के संचालक प्रवीण जी भाटिया ने पुस्तक का अवलोकन, अध्ययन और विमोचन किया। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए एक उपयोगी मार्गदर्शक सिद्ध होगी।
वहीं स्वाध्याय सूरतगढ़ के संचालक सुमेर सिंह शेखावत, जिन्हें इतिहास विषय का बेताज बादशाह भी कहा जाता है, ने पुस्तक का अध्ययन करने के बाद अपने सूरतगढ़ स्टूडियो से विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पुस्तक की विशेषताओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अभ्यर्थियों को इसी पुस्तक से अध्ययन करने की सलाह देते हुए बताया कि स्वाध्याय सूरतगढ़ की क्लास और टेस्ट सीरीज के मुख्य शेड्यूल में भी THE ECOM Book को शामिल किया गया है। स्वाध्याय सूरतगढ़ की राजस्थान के विभिन्न शहरों में शाखाएं संचालित हैं और लाखों अभ्यर्थी इस शिक्षण संस्थान से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं।
इसके अलावा राजस्थान यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. उम्मेद सिंह ने भी पुस्तक का अवलोकन करते हुए इसका विमोचन किया। वहीं हिमालय एजुकेशन हब जयपुर के के.एल. यादव और ओ.पी. माहिया ने भी पुस्तक का अध्ययन कर विमोचन किया।
बाड़मेर में राजकीय पीजी कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. आदर्श किशोर जाणी (NCC) ने भी पुस्तक का विमोचन करते हुए विद्यार्थियों को इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। वहीं बाड़मेर के प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान उउक के संचालक सत्ताराम जाणी एवं प्रशासनिक अधिकारी (RAS) पुखराज सहारण ने अपने संस्थान में हजारों विद्यार्थियों की उपस्थिति में पुस्तक का विमोचन किया।

## मेड़ता रोड केंद्रित औचक टिकट जांच अभियान,469 मामलों से 1.86 लाख की वसूली

### ● बेटिकट यात्रियों में मचा हड़कंप, जोधपुर मंडल पर चौबीस घंटों में अनियमित यात्रा के पकड़े 11 सौ मामले

**चमकता राजस्थान/मेड़ता रोड/एजाज़ अहमद उस्मानी।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल में मेड़ता रोड रेलवे स्टेशन को आधार बनाकर चलाए गए विशेष औचक टिकट जांच अभियान में विभिन्न ट्रेनों में बिना टिकट और अनियमित यात्रा करने वाले 469 यात्रियों से रेलवे ने 1.86 लाख का राजस्व वसूल किया है।
जोधपुर मंडल के सीनियर डीसीएम हितेश यादव ने बताया कि डीआरएम अनुराग त्रिपाठी के निर्देशानुसार शनिवार को मेड़ता रोड को केंद्र बनाकर मंडल वाणिज्य प्रबंधक दीपक चौधरी के नेतृत्व में पूरे दिन विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान मेड़ता रोड से गुजरने वाली सभी ट्रेनों में सघन जांच की गई। उन्होंने बताया कि औचक जांच अभियान के दौरान बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा के कुल 469 मामले पकड़े गए,जिनसे 1 लाख86 हजार 595 रुपए का राजस्व वसूला गया। इसमें लगभग 1 लाख रुपए जुर्माना राशि भी शामिल है। उन्होंने बताया कि जांच अभियान में 20 टिकट चेकिंग कर्मचारियों ने भाग लिया। वहीं,जोधपुर मंडल में पिछले 24 घंटे के दौरान कुल 1100 बिना टिकट और अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया, जिनसे रेलवे को 5.14 लाख रुपए का उल्लेखनीय राजस्व प्राप्त हुआ,जो सामान्य दिनों की तुलना में अधिक है।

### ● उचित टिकट के साथ यात्रा की रेलवे की अपील

सीनियर डीसीएम के अनुसार ऐसे अभियान का उद्देश्य बिना टिकट या अनियमित यात्रा पर नियंत्रण रखना तथा यात्रियों को नियमों के प्रति जागरूक करना है। भविष्य में भी समय-समय पर इस प्रकार के विशेष अभियान चलाए जाएंगे। रेल प्रशासन यात्रियों से सदैव उचित टिकट के साथ यात्रा की अपील करता है।

# रायसिंहनगर: NSS स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान, त्रिपुरा सुंदरी माता मंदिर परिसर में किया श्रमदान

चमकता राजस्थान




**रायसिंहनगर (संजय बिश्नोई)** । पीएम श्री एम.जी.जी.एस.एस. रायसिंहनगर में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) के विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने समाज को स्वच्छता का संदेश देते हुए सराहनीय पहल की। इस दौरान स्वयंसेवकों ने त्रिपुरा सुंदरी माता मंदिर परिसर और मंदिर के सामने सड़क किनारे श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया तथा पूरे क्षेत्र की साफ-सफाई की।
स्वयंसेवकों ने परिसर में फैली गंदगी को हटाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और साफ-सुथरे वातावरण के महत्व को बताया। इस मौके पर नगरपालिका रायसिंहनगर की स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर अरुणा जोशी ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ जीवन की सबसे बड़ी आधारशिला है।
संस्था प्रधान लखविंदर सिंह ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एनएसएस के माध्यम से विद्यार्थियों में समाज सेवा और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। उन्होंने युवाओं से समाजहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।
कार्यक्रम के दौरान व्याख्याता प्रमोद कुमार ने विद्यार्थियों को पर्सनल हाइजीन यानी व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि स्वच्छ आदतें स्वस्थ जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। वहीं एनएसएस स्वयंसेवक दीक्षा भाटी ने प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की अपील की।
पूरा कार्यक्रम एनएसएस प्रभारी सुशील कुमार जांगिड़ के नेतृत्व व मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर के अंत में सभी स्वयंसेवकों ने स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

# विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस: उचित मूल्य दुकान आवंटन सलाहकार समिति सदस्य डॉ सरगरा के एक साल पूरे होने पर पेश किया रिपोर्ट कार्ड, साथ ही प्रदेश भाजपा को भेजा विशेष रिफॉर्म रिकॉर्ड कार्ड

चमकता राजस्थान



**मनीष मेहता जोधपुर।** तहसील स्तरीय उचित मूल्य दुकान आवंटन सलाहकार समिति के सदस्य डॉ विष्णु सरगरा ने रविवार, विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर अपने 1 साल का रिपोर्ट कार्ड पेश कर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामले विभाग के कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा को भेजा है। साथ ही प्रदेश भाजपा को एक विशेष रिफॉर्म रिपोर्ट कार्ड भी भेजा है। इस कार्ड मे खास तौर पर यह बताया गया कि राशन कार्ड से संबंधित समस्याओं (जैसे नाम जुड़वाना, नया कार्ड या खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी) के त्वरित निवारण से उपभोक्ताओं के अधिकार प्राप्त हुए है। जिसमें मुख्यतः कोविड-19 से बंद पड़े राशन कार्ड को चालू करवाकर जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री से लाभान्वित करवाया गया है, गिव अप अभियान के माध्यम से सक्षम परिवारों से समझाइश कर उनके राशन कार्ड बंद करवा कर जरूरतमंदों तक पहुंचाने का कार्य किया गया है।
दरअसल मोदी सरकार मे मंत्रीयो से रिफॉर्म रिपोर्ट कार्ड मांगा गया था, इसी तर्ज पर डॉ सरगरा ने अपने दायित्व का निर्वाहन किया है। किसी भी कार्य, जिम्मेदारी या कर्तव्य को सफलतापूर्वक पूरा करते है, फिर चाहे समाज हो या सर्व समाज की सेवा या फिर संगठन के दायित्व वह अपने कार्यकाल में किए गए 1 साल का रिपोर्ट कार्ड बनाकर रिफॉर्म रिपोर्ट कार्ड संबंधित प्रेषित करते हैं। ऐसा करने वाले वह पहले भाजपा कार्यकर्ता है। इस दौरान डॉ सरगरा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार लगभग सवा दो साल ₹जमीनी स्तर पर दिखाई देने वाले परिणाम₹ देने पर केंद्रित है, जिसमें उन्होंने उचित मूल्य दुकान आवंटन सलाहकार समिति के सदस्य के दायित्व संभालने के बाद से उपभोक्ता के अधिकारिक हक दिलाने के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला।

# सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों की समस्याओं के समाधान के लिए नागौर में बैठक आयोजित

चमकता राजस्थान



मेड़ता रोड
एजाज़ अहमद उस्मानी। पुलिस विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान और उनसे संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से नागौर में एक सकारात्मक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक महानिदेशक पुलिस राजस्थान, जयपुर तथा जिला पुलिस अधीक्षक नागौर मृदुल कच्छावा (आईपीएस) के निर्देशानुसार आयोजित की गई।
बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नूर मोहम्मद (रक्व्रउअह) ने की। इस अवसर पर सेवानिवृत्त पुलिस संघ के जिला अध्यक्ष हरिराम, महासचिव साबिर हुसैन तथा रिजर्व पुलिस लाइन के निरीक्षक मनोज माचरा भी उपस्थित रहे। बैठक में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं और आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान सेवानिवृत्त कार्मिकों ने अपनी पेंशन, फैमिली पेंशन, चिकित्सा सुविधा, तथा व्यक्तिगत आपातकालीन समस्याओं से संबंधित मुद्दे रखे। अधिकारियों ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।
इस दौरान सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी बिंजाराम हटेला, खेमाराम मकवाना, रामनिवास विश्नोई,जसकरण सहित लगभग 40 - 50 सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी बैठक में शामिल हुए। सभी ने पुलिस विभाग द्वारा इस प्रकार की संवादात्मक बैठक आयोजित करने की पहल की सराहना की। अध्यक्षता कर रहे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नूर मोहम्मद ने कहा कि सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों ने अपने सेवाकाल में विभाग और समाज के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी समस्याओं का समाधान करना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी मुद्दों पर संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक का उद्देश्य सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखना तथा उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना रहा। इस पहल से सेवानिवृत्त कार्मिकों में संतोष और विश्वास का माहौल देखने को मिला।

## बढ़ती गैस कीमतों और गैस की किल्लत के विरोध में कांग्रेस ने गांधी पार्क किला गेट पर किया पुतला दहन

चमकता राजस्थान




धौलपुर रामदास तरुण। बाड़ी उपखंड की खबर। बाड़ी विधानसभा क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों और आमजन को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं होने के विरोध में रविवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी पार्क किला गेट पर प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए गैस की कीमतों में कमी करने और आम जनता को राहत देने की मांग की। कार्यक्रम में विधानसभा प्रत्याशी प्रशांत सिंह परमार ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक और विदेश नीति के कारण देश में ईंधन संकट जैसी स्थिति पैदा हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि इजरायल, अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे अंतरराष्ट्रीय तनाव के समय देश के हितों को सुरक्षित रखने में केंद्र की भाजपा सरकार पूरी तरह विफल रही है, जिसका सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में 60 प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी कर आम जनता पर महंगाई का अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि गैस एजेंसियों पर लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं और लोगों को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इससे आमजन में भारी रोष व्याप्त है और लोगों को दैनिक जीवन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान बाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीणा, सैंपऊ ब्ला-ॅक अध्यक्ष पुष्पेंद्र कुशवाहा, वरिष्ठ कांग्रेसी पार्षद राजकुमार भारद्वाज, रामसेवक अजर, केशवचंद्र मीणा, युवा प्रदेश सचिव आर्यन राय, एल.एस. यादव, लज्जाराम कोली, हरि सिंह पहाड़िया, सैंपऊ नगर अध्यक्ष राजेश कुशवाहा, भगवान सिंह जाटव, अनिल अरेला, मनीष मंगल, योगेश अग्रवाल, नईम खान, सोनी खान, सीमा सिंह, खेल प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष रामू कुशवाहा, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए घरेलू गैस की कीमतों में तत्काल कमी करने और आम जनता को राहत देने की मांग की।

## राजस्थान दिवस पर "विकसित रन" का आयोजन, 2600 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग

**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन द्वारा रविवार को प्रातः 7 बजे मिशन ग्राउंड से "विकसित रन" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 2600 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वस्थ, जागरूक और विकसित समाज का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने उपस्थित प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई तथा स्वच्छता का संदेश देते हुए ब्यावर को स्वच्छ जिला बनाने के लिए सभी से सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। विकसित रन मिशन ग्राउंड से प्रारंभ होकर चांग गेट, राजकीय महाविद्यालय, अंबेडकर भवन, आशापुरा माता मंदिर, श्याम मंदिर मेवाड़ी गेट और अजमेरी गेट होते हुए पुनः मिशन ग्राउंड पर समाप्त हुई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रतन सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्मलाल जाट, उपखंड अधिकारी दिव्यांश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र, एसीईओ गोपाल लाल, नगर परिषद आयुक्त श्रवण राम, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार शर्मा, जिला खेल अधिकारी दिनेश चौधरी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।
जिला खेल अधिकारी ने बताया कि राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में राज्य सरकार के निर्देशानुसार 15 मार्च से 19 मार्च तक राज्य सहित जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में विकसित रन का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी रही।

## तीन नाबालिगों से दुष्कर्म, एक हुई गर्भवती

### 17 साल के स्टूडेंट की खौफनाक करतूत

नागरकुरनूल।



तेलंगाना के नागरकुरनूल पुलिस ने गुरुवार को एक 17 वर्षीय इंटरमीडिएट छात्र को तीन नाबालिग लड़कियों के साथ कथित तौर पर बलात्कार करने के आरोप में हिरासत में लिया। आरोपी ने प्रेम का झांसा देकर लड़कियों को फंसाया और उनसे यौन शोषण किया। उसने एक लड़की को गर्भवती भी कर दिया। आरोपी ने वीडियो रिकॉर्ड किए और उनका इस्तेमाल लड़कियों को ब्लैकमेल करने के लिए किया। वह धमकी देता था कि अगर पैसे नहीं दिए तो वीडियो सोशल मीडिया पर डाल देगा या परिवार वालों को भेज देगा। यह शोषण कई महीनों तक 2025 में चलता रहा। पीड़िताओं में से एक लड़की जब इस यातना को और सहन नहीं कर पाई, तो वह रोते हुए अपने माता-पिता से सब कुछ बता दी। उसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज हुई। जांच में पता चला कि आरोपी ने दो अन्य नाबालिग लड़कियों की भी यौन शोषण किया था। तीन पीड़िताओं में से एक उसकी ही कॉलेज की थी, जबकि दो अन्य कॉलेजों की छात्राएं थीं। आरोपी ने जिस लड़की को गर्भवती किया, उसे स्थानीय प्राइवेट अस्पताल में गर्भपात करवाने ले गया। पुलिस ने आरोपी के 22 वर्षीय दोस्त को भी गिरफ्तार किया, जिसके घर पर एक पीड़िता के साथ बलात्कार हुआ था। साथ ही, दो डॉक्टरों और एक नर्स को भी अवैध गर्भपात कराने के आरोप में पकड़ा गया। नागरकुरनूल एसपी संग्राम सिंह जी पाटिल ने बताया कि तीन अलग-अलग शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज किया गया। आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट की धारा 14, 15 और धारा 3; बीएनएस की धारा 294 (अश्लील डिजिटल कंटेंट प्रसारित करना), 87 (अपहरण), 77 (ताक-झांक), 64(1) (बलात्कार); तथा क्ळ एक्ट की धारा 67( ) के तहत केस दर्ज किया गया। आरोपी को जुवेनाइल होम भेज दिया गया है। डीएसपी श्रीनिवास यादव ने कहा कि आरोपी के फोन से एक पीड़िता का वीडियो बरामद किया गया है। अस्पताल के रिकॉर्ड भी जब्त किए गए हैं। जांच अभी जारी है और आगे के सुराग तलाशे जा रहे हैं।

## जयपुर विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन की अध्यक्षता में आयोजित हुई महत्वपूर्ण पीडब्ल्यूसी बैठक

### टोंक रोड पर 163 हेक्टेयर में बनेगी लैंड पूलिंग योजनाः काश्तकारों को 45% के बजाय 47% भूमि आवंटन

- **दूदू के भोजपुर में 644 भूखण्डों की नई आवासीय योजना को मंजूरी**

चमकता राजस्थान

**जयपुर, (खलील कुरैशी), 14 मार्च।** जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की आयुक्त सिद्धार्थ महाजन की अध्यक्षता में आयोजित पीडब्ल्यूसी बैठक में टोंक रोड स्थित शिवदासपुरा, बरखेड़ा और चंदलाई गांवों की लगभग 163 हेक्टेयर भूमि पर प्रस्तावित लैंड पूलिंग योजना को अनुमोदित करते हुए राज्य सरकार की स्वीकृति के लिए भेजने का निर्णय लिया गया।
बैठक में काश्तकारों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए भूमि आवंटन का हिस्सा 45 प्रतिशत से बढ़ाकर 47 प्रतिशत करने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया, जिससे किसानों व खातेदारों को आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा। योजना को राज्य सरकार की स्वीकृति मिलने के बाद जेडीए द्वारा क्षेत्र में सड़क, सीवरेज, ड्रेनेज, जलापूर्ति, विद्युत, स्ट्रीट लाइट, पार्क, स्कूल, कम्युनिटी सेंटर, हेल्थ सेंटर व धार्मिक स्थल सहित सभी आवश्यक आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जाएगा
उल्लेखनीय है कि यह राजस्थान की पहली लैंड पूलिंग योजना होगी, वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बजट में प्रदेश में 20 नई लैंड पूलिंग योजनाओं की घोषणा कर चुके हैं।इसी बैठक में तहसील दूदू के ग्राम भोजपुर में 28.09 हेक्टेयर भूमि पर नई आवासीय योजना को भी स्वीकृति दी गई, जिसमें कुल 644 आवासीय भूखण्ड विकसित किए जाएंगे। यह योजना अजमेर रोड (एनएच-48) से लगभग 800 मीटर तथा दूदू शहर से करीब 1 किमी दूरी पर स्थित है।योजना क्षेत्र के पास स्थित 5.7 हेक्टेयर जलाशय के संरक्षण हेतु 100 मीटर बफर जोन व वॉटर चैनल का प्रावधान किया गया है। कुल 2,30,262.75 वर्गमीटर क्षेत्रफल में से 78,400.13 वर्गमीटर में आवासीय भूखण्ड विकसित होंगे, जबकि शेष क्षेत्र में पार्क, खेल मैदान, संस्थानिक, व्यावसायिक व अन्य सार्वजनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। योजना में 318 ईडब्ल्यूएस व एलआईजी वर्ग के भूखण्ड भी शामिल किए गए हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को किफायती आवास उपलब्ध हो सकेगा।

राजस्थान दिवस समारोहः2026

## राज्य स्तरीय ओडीओपी और 'जयपुर रत्नम्' प्रदर्शनी 19 मार्च तक

### जयपुर संभागीय आयुक्त, जिला कलक्टर और उद्योग आयुक्त ने किया शुभारंभ

### ओडीओपी उत्पाद प्रदर्शित करने के लिए 120 स्टॉल

चमकता राजस्थान





जयपुर!(खलील कुरैशी) 15 मार्च। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर राजस्थान दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) के अवसर पर प्रदेश में 14 से 19 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस क्रम उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा राज्य स्तर और सभी जिलों में ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जयपुर संभागीय आयुक्त पूनम, जयपुर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी और उद्योग एवं वाणिज्य आयुक्त सुरेश ओला ने रविवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में राज्य स्तरीय और 'जयपुर रत्नम्' प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में सभी जिलों के ओडीओपी उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं, जहां से इन्हें खरीदा भी जा सकता है। इन दोनों प्रदर्शनियों में ओडीओपी उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए 120 स्टॉल लगाई गई हैं। आमलोग 19 मार्च तक सुबह 10 से शाम 7 बजे तक अवलोकन कर सकते हैं।

- **जिला स्तरीय जेम्स एंड ज्वेलरी प्रदर्शनी**

जयपुर जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र और राजस्थान लघु उद्योग निगम (राजसिको) द्वारा जेम्स एंड ज्वेलरी प्रदर्शनी- 2606 'जयपुर रत्नम्' लगाई गई है। इसमें जिले के ओडीओपी उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए 80 स्टॉल लगाई गई है।

- **राजस्थान के सभी जिलों में ओडीओपी प्रदर्शनी**

राजस्थान दिवस समारोह के तहत स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सभी जिलों में ओडीओपी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इनमें जिले आर्टिजन अपने उत्पादों के बारे में आमलोगों को जानकारी दे रहें और उनकी बिक्री भी कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### स्थानीय कलाकारों और उद्यमियों को जिला प्रशासन का सहयोग, राजस्थान दिवस पर ओडीओपी प्रदर्शनी आयोजित




**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र परिसर में शनिवार को प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:30 बजे तक वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ODOP) प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में चयनित उत्पाद फेल्डस्पार पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिससे आगंतुकों को जिले के प्रमुख उत्पाद और उससे जुड़े उद्योग की जानकारी मिली। जिला कलेक्टर श्री कमल राम मीना ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि ब्यावर के कलाकारों द्वारा बनाई जा रही पिछवाई चित्रकला अत्यंत उत्कृष्ट है और इसके ऑर्डर अन्य जिलों से भी प्राप्त हो रहे हैं। यहां तैयार उत्पाद विभिन्न स्थानों पर भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को अपने उत्पादों को आधुनिक प्लेटफॉर्म जैसे ई-कॉमर्स के माध्यम से भी बाजार तक पहुंचाना चाहिए, ताकि उन्हें व्यापक बाजार और बेहतर पहचान मिल सके। उन्होंने आश्वस्त किया कि स्थानीय कलाकारों, हस्तशिल्पियों, बुनकरों और उद्यमियों को आगे बढ़ाने में जिला प्रशासन हरसंभव सहयोग करेगा।प्रदर्शनी में कलेक्टर ने हस्तशिल्प, चित्रकला और बुनकर उत्पादों के स्टॉल का अवलोकन किया तथा लघु उद्योग से जुड़ी महिलाओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया।

### कई वर्षों से पानी की किल्लत से ग्रामीण परेशान



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** बाड़मेर बायतु गोरधन सिंह बांगड़वा ग्राम पंचायत नौसर ग्राम पंचायत बूठसरा में पिछले कई वर्षों से पानी की किल्लत से परेशान ग्रामीण ग्रामीणों का कहना है कि कई सालों से हम अपना जीवन यापन लूनी नदी के माध्यम से करते हैं गर्मियों में जेसीबी मशीन की सहायता से लूनी नदी में खडा करके अपने पशु और मवेशियों के लिए और अपने घर के पीने के लिए पानी लाते थे पिछले 2 साल से बालोतरा के इंडस्ट्रियल एरिया का जहरीला पानी छोड़कर लूनी नदी को भी जहरीला कर दिया अब हम लोगों का जीवन यापन मुश्किल हो गया इसलिए हम लोगों ने फैसला लिया जल निगम की टंकी पर चढ़कर विरोध पर दर्शन किया जाए क्या पता कोई हमारी सुनवाई करें विरोध प्रदर्शन करने के बाद आज दिन तक कोई सुनवाई नहीं जिसमें जल निगम के अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया 7 दिन में आपकी पानी की सप्लाई पूर्ण रूप से कर दी जाए ग्रामीणों द्वारा लिखित ज्ञापन में 10 दिन में पानी की समस्या का समाधान करने का ज्ञापन दिया आज दिन तक जल निगम द्वारा जस की तस समस्या कोई समस्या का समाधान नहीं क्या ज्ञापन एक रद्दी पेज है अगर नह-ीं तो जल निगम के अधिकारी कंपनी के ऊपर इतनी मेहरबान क्यों आखिरकार इन ग्रामीण समस्याओं का समाधान कौन करेगा ग्रामीणों का आरोप है कि जल जीवन मिशन की योजना भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गई है जल जीवन मिशन योजना के अधिकारी कंपनी के साथ मिलकर जल जीवन मिशन प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने की बजाय कागजों लीपापोती करके धरातल पर चालू बताना इन भ्रष्ट अधिकारियों के ऊपर क्या केंद्र सरकार और राज्य सरकार कोई कानूनी कार्रवाई करेगी या फिर सभी की मिली भक्ति से यह हो रहा है।

### संत रामपाल जी महाराज का एक दिवसीय सत्संग का हुआ समापन



**चमकता राजस्थान/गंगधार/शुभम गुप्ता।** झालावाड़ जिले के गंगधार कस्बे में रविवार को संत रामपाल जी महाराज के अनुयायियों द्वारा सर्व धर्म समभाव और शास्त्रों के आधार पर सत्संग का आयोजन किया गया। यह सत्संग एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रसारित किया गया, जिसमें आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन मुनींद्र धर्मार्थ ट्रस्ट हरियाणा के तत्वावधान में किया गया।
सत्संग के दौरान संत रामपाल जी महाराज ने समाज में फैली कुरीतियों और पाखंडवाद पर प्रहार करते हुए श्रद्धालुओं को शास्त्र आधारित भक्ति मार्ग अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जैसे कोई व्यक्ति ट्रेन में सफर करते समय हल्का सामान लेकर चलता है, उसी प्रकार मनुष्य को इस जीवन यात्रा में भगवान को याद रखते हुए नाम का स्मरण करते रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि कलयुग में भगवान को पाने की सरल विधि सच्चे सतगुरु से नाम दीक्षा लेकर भक्ति करना है।
सत्संग में मानव जीवन के उद्देश्य पर भी प्रकाश डाला गया और बताया गया कि मनुष्य जन्म अत्यंत दुर्लभ है, इसलिए इसे परमात्मा की भक्ति में लगाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को 'तीनों देवा कमल दल बसे, ब्रह्मा विष्णु महेश। प्रथम इनकी वंदना, फिर सुन सतगुरु उपदेश' जैसे शब्दों के माध्यम से आध्यात्मिक संदेश दिया गया।
सत्संग में चाय-राम, जल-राम और पुस्तक सेवा भी की गई। क्षेत्र के सेवादारों ने तन, मन से सेवा करते हुए आयोजन को सफल बनाया। सेवादारों ने बताया कि सत्संग का मुख्य उद्देश्य समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करना, दहेज प्रथा को खत्म करना और समाज में भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना है। ओर समाज को शास्त्र अनुसार भगती से जोड़ना

नकली ब्रांडों की बिक्री बड़ी चुनौती : सुमित गोदारा

# विश्व उपभोक्ता दिवस पर जयपुर में राज्य स्तरीय उपभोक्ता सम्मेलन आयोजित

## सुरक्षित उत्पाद - आश्वस्त उपभोक्ता थीम पर हुआ आयोजन, उपभोक्ता अधिकारों की जागरूकता पर जोर

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी)। विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर रविवार को उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा जयपुर के कांस्टीट्यूशन क्लब में राज्य स्तरीय उपभोक्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की थीम ''सुरक्षित उत्पादझ्रआश्वस्त उपभोक्ता'' रखी गई, जिसमें उपभोक्ता संरक्षण, जागरूकता और न्यायिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई।

- **नकली ब्रांडों की बिक्री बड़ी चुनौती : सुमित गोदारा**

उपभोक्ता मामले मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि बाजार में नकली ब्रांडों की बढ़ती बिक्री एक गंभीर चुनौती है और इसके प्रति व्यापक जनजागरूकता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में उपभोक्ताओं का संरक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने बताया कि विभाग ने उपभोक्ता अदालतों को मजबूत बनाने के लिए कई नवाचार किए हैं। आयोगों में भर्ती प्रक्रिया लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से पारदर्शी तरीके से करवाई गई है तथा सुनवाई के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की व्यवस्था भी लागू की गई है। इसके अलावा आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों को प्रतिवर्ष 15 अवकाशों की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि विभाग प्रदेश को उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।



- **गिव अप अभियान' से 82 लाख पात्रों के लिए बनी जगह : गोदारा**

मंत्री गोदारा ने गिव अप अभियान का उल्लेख करते हुए बताया कि खाद्य सुरक्षा योजना में अपात्र लोगों के नाम जुड़ जाने से वास्तविक पात्र लोग वंचित रह गए थे। इस विसंगति को दूर करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''गिव इट अप'' अभियान से प्रेरित होकर राज्य में 1 नवम्बर 2024 से ''गिव अप अभियान'' शुरू किया गया। करीब 16 महीनों तक चले इस अभियान में 55 लाख लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सब्सिडी छोड़ी, जबकि 27 लाख लाभार्थियों के नाम ई-केवाईसी नहीं कराने के कारण सूची से स्वतः हट गए। इस प्रकार कुल 82 लाख पात्र वंचितों के लिए सूची में स्थान उपलब्ध हुआ। उन्होंने बताया कि गत वर्ष 26 जनवरी को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा खाद्य सुरक्षा पोर्टल पुनः शुरू किए जाने के बाद 77 लाख पात्र वंचितों को खाद्य सुरक्षा योजना से जोड़ा गया है।इस अवसर पर मंत्री गोदारा ने उपस्थित प्रतिभागियों को गुणवत्तायुक्त वस्तुओं के उपयोग की शपथ भी दिलाई।

- **उपभोक्ता अदालतों में न्यायिक प्रक्रिया हो प्रभावी : मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि उपभोक्ताओं को उचित संरक्षण देने के लिए उपभोक्ता अदालतों की न्यायिक प्रक्रिया प्रभावी और त्वरित होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि राज्य और जिला उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्षों व सदस्यों की आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला प्रशिक्षण के माध्यम से निस्तारण प्रक्रिया को बेहतर बनाने में सहायक होगी।उन्होंने उपभोक्ता हेल्पलाइन 14435 को और मजबूत करने तथा हेल्पलाइन कार्मिकों को उचित प्रशिक्षण देने की आवश्यकता पर भी बल दिया, ताकि प्राप्त शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान हो सके।

- **उपभोक्ता हित सर्वोपरि : एपी साही**

सम्मेलन के मुख्य अतिथि श्री एपी साही ने कहा कि राष्ट्रीय, राज्य और जिला उपभोक्ता आयोगों के लिए उपभोक्ताओं का हित सर्वोपरि है। उन्होंने बताया कि समय के साथ उपभोक्ता आयोगों की शक्तियों और जिम्मेदारियों का विस्तार हुआ है तथा जिला उपभोक्ता आयोग अब 50 लाख रुपये तक के मामलों का निस्तारण करने का अधिकार रखते हैं। उन्होंने आयोगों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता भी बताई।

- **भ्रामक विज्ञापन और मिलावट बड़ी समस्या : देवेन्द्र कच्छावा**

विशिष्ट अतिथि राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष देवेन्द्र कच्छावा ने कहा कि भ्रामक विज्ञापन, मिलावट और अमानकीकृत उत्पाद उपभोक्ता न्याय के क्षेत्र में प्रमुख चुनौतियां हैं। उन्होंने बताया कि मानक ब्यूरो समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करता है कि बाजार में केवल मानकीकृत उत्पाद ही उपलब्ध हों।सम्मेलन में उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा, न्यायिक प्रक्रियाओं को मजबूत बनाने और ग्रामीण क्षेत्रों तक जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न सुझावों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### कोटपूतली-बहरोड़ के एसपी डीआईजी देवेन्द्र कुमार बिश्नोई का स्थानांतरण

- **आरपीटीसी जोधपुर में उप महानिरीक्षक पद पर नियुक्ति,**
- **सतवीर सिंह होंगे जिले के नए पुलिस अधीक्षक**

**चमकता राजस्थान/जयपुर ( खलील कुरैशी)** राज्य सरकार द्वारा शुक्रवार देर रात जारी 64 आईपीएस अधिकारियों की स्थानांतरण सूची में कोटपूतली-बहरोड़ जिले के पुलिस अधीक्षक डीआईजी देवेन्द्र कुमार बिश्नोई का भी स्थानांतरण कर दिया गया है। उनका तबादला जोधपुर स्थित आरपीटीसी (राजस्थान पुलिस प्रशिक्षण केंद्र) में उप महानिरीक्षक (डीआईजी) पद पर किया गया है।उल्लेखनीय है कि 1 जनवरी 2026 को ही बिश्नोई को डीआईजी पद पर पदोन्नति मिली थी, जिसके बाद से उनके स्थानांतरण की संभावना जताई जा रही थी कोटपूतली-बहरोड़ में कार्यरत रहते हुए एसपी से डीआईजी पद पर पदोन्नत होने वाले वे दूसरे अधिकारी बने हैं। इससे पहले आईपीएस राजन दुष्यंत को भी इसी जिले में एसपी रहते हुए डीआईजी पद पर पदोन्नति मिली थी।वर्ष 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी बिश्नोई मूलतः आरपीएस से आईपीएस में पदोन्नत हुए हैं। उन्हें 19 जुलाई 2025 को कोटपूतली-बहरोड़ जिले की पुलिस की कमान सौंपी गई थी।राज्य सरकार ने उनके स्थान पर वर्ष 2015 बैच के आईपीएस अधिकारी सतवीर सिंह को कोटपूतली-बहरोड़ का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया है। सतवीर सिंह का स्थानांतरण पुलिस मुख्यालय जयपुर में एसपी इंटेलीजेंस पद से किया गया है। इससे पूर्व वे एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।वर्ष 1998 में आरपीएस सेवा में भर्ती हुए सतवीर सिंह बाद में आईपीएस में पदोन्नत हुए। वे आरपीएस से पदोन्नत होकर कोटपूतली-बहरोड़ जिले के लगातार तीसरे पुरुष पुलिस अधीक्षक बने हैं। इससे पहले जिले में रंजीता शर्मा, ज्येष्ठा मैत्रेयी और वदिता राणा जैसी महिला आईपीएस अधिकारियों ने भी एसपी के रूप में सेवाएं दी थीं।नव नियुक्त एसपी सतवीर सिंह सोमवार को कार्यभार ग्रहण करेंगे। उनके सामने जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत करना, बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण तथा सक्रिय अपराधी गिरोहों पर प्रभावी कार्रवाई करना प्रमुख चुनौतियां रहेंगी।




### डीग के नए पुलिस अधीक्षक कांबले शरण गोपीनाथ ने संभाला कार्यभार

- **गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया स्वागत, कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने का दिया भरोसा**

**चमकता राजस्थान/जयपुर (खलील कुरैशी)।** डीग जिले के नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक आईपीएस कांबले शरण गोपीनाथ ने रविवार को जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व पुलिस लाइन में जवानों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।कार्यभार संभालने के बाद पुलिस अधीक्षक कांबले शरण गोपीनाथ ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि साइबर क्राइम, चोरी, गोकशी तथा अवैध खनन में लिप्त माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए आमजन में सुरक्षा और विश्वास का माहौल कायम किया जाएगा।उन्होंने कहा कि अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास कायम रखना पुलिस की जिम्मेदारी है तथा किसी भी अपराधी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।इस अवसर पर डीग सीओ सीताराम बैरवा, शहर कोतवाली थाना प्रभारी रामनरेश मीणा, सदर थाना प्रभारी विजय सिंह सहित जिले के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी और पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।



## रसोई गैस के बढ़े दामों के विरोध में कांग्रेस का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

- **केंद्र सरकार से गैस सिलेंडर के दाम घटाने की मांग**
- **राजस्थान की सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस का विरोध,जयपुर में भी विधानसभा क्षेत्रों में भी प्रदर्शनः**
- **विधायक रफीक खान, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कलेक्ट्रेट सर्किल पर किया नेतृत्व**



चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी)। रसोई गैस के बढ़ते दामों और आपूर्ति को लेकर उत्पन्न स्थिति के विरोध में कांग्रेस ने राजस्थान में व्यापक आंदोलन शुरू कर दिया है। पार्टी की ओर से पहले 13 और 14 मार्च को जिलामुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किए गए थे, जिसके बाद रविवार को प्रदेश की सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर केंद्र सरकार से गैस सिलेंडर के दाम कम करने की मांग की।कांग्रेस नेताओं का कहना है कि खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण देश और प्रदेश में रसोई गैस तथा पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता प्रभावित हो रही है, ऐसे समय में गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाना आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने जैसा है।राजधानी जयपुर के किशनपोल, हवा महल, सिविल लाइंस, आदर्श नगर, मालवीय नगर, बगरू, विद्याधर नगर और सांगानेर विधानसभा क्षेत्रों में भी कांग्रेस विधायकों, पूर्व प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान आदर्श नगर विधायक रफीक खान के नेतृत्व में केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी गई कि यदि रसोई गैस के बढ़े हुए दाम वापस नहीं लिए गए तो मंडल और बूथ स्तर तक आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

- **रफीक खान और खाचरियावास के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट सर्किल पर प्रदर्शन**

आदर्श नगर, सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं का नेतृत्व करते हुए आदर्शनगर विधायक रफीक खान एवं पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट सर्किल पर विरोध प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

- **गैस सिलेंडरों आपूर्ति में अनियमितता हो रही है,और ऐसे समय में कीमतों में वृद्धि करना जनता के साथ अन्यायः- रफीक खान**

मीडिया से बातचीत में आदर्श नगर से कांग्रेस विधायक रफीक खान ने कहा कि रसोई गैस के दामों में बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस पूरे देश में आंदोलन कर रही है। उन्होंने कहा कि जब बाजार में गैस सिलेंडरों की उपलब्धता ही कम हो रही है, तब कीमतों में वृद्धि करना जनता के साथ अन्याय है।

- **खाचरियावास ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना**

खाचरियावास ने अंतरराष्ट्रीय हालात का उल्लेख करते हुए कहा कि ईरान और पश्चिमी देशों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है, जबकि भारत के ईरान के साथ लंबे समय से मित्रतापूर्ण संबंध रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में केंद्र सरकार को संवेदनशीलता दिखाते हुए आम जनता को राहत देनी चाहिए।कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि महंगाई से जूझ रही जनता को राहत देने के लिए रसोई गैस के दाम तुरंत कम किए जाएं, अन्यथा कांग्रेस प्रदेशभर में आंदोलन को और व्यापक बनाएगी।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नई दिल्ली में 'राजस्थान उत्सव 2026' का किया शुभारंभ

- **बीकानेर हाउस में सजी राजस्थान की समृद्ध कला, संस्कृति और परंपराओं की अनुपम झलक**
- **10 दिवसीय उत्सव में लोकसंगीत, लोकनृत्य, हस्तशिल्प और पारंपरिक व्यंजनों का संगम**



चमकता राजस्थान

जयपुर ( खलील कुरैशी)।राजस्थान दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को नई दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस में आयोजित 'राजस्थान उत्सव 2026' का भव्य शुभारंभ किया। 15 मार्च से 25 मार्च तक आयोजित होने वाला यह दस दिवसीय उत्सव राष्ट्रीय राजधानी में राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं, हस्तशिल्प, लोकसंगीत, लोकनृत्य और पारंपरिक व्यंजनों की विविधता से लोगों को रूबरू कराएगा।इस अवसर पर मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान की संस्कृति, लोक परंपराएं और कला हमारी गौरवशाली पहचान की आधारशिला हैं। राज्य सरकार इन धरोहरों के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई प्रतिष्ठा मिल सके। उन्होंने कहा कि राजस्थान उत्सव देश-विदेश के लोगों को राज्य की जीवंत सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन रहा है।

- **शिल्पकारों और राजीविका दीदियों से किया आत्मीय संवाद**

मुख्यमंत्री ने मेले में राजीविका और ग्रामीण गैर-कृषि विकास एजेंसी (रूडा) द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए शिल्पकारों और राजीविका से जुड़ी महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की दीदियों से आत्मीय संवाद किया।इस दौरान मुख्यमंत्री ने हस्तशिल्प उत्पादों, पारंपरिक वस्त्रों और कलात्मक कृतियों की सराहना करते हुए शिल्पकारों से उनके अनुभव, निर्माण प्रक्रिया और उत्पादों की विशेषताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

स्वयं सहायता समूहों की गतिविधियों, उत्पादों की बिक्री और आजीविका के अवसरों पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उनके उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। ऐसे आयोजन शिल्पकारों और महिला समूहों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के साथ उनकी आय में वृद्धि का महत्वपूर्ण माध्यम बनते हैं उन्होंने कहा कि राजस्थान की पारंपरिक शिल्पकला और हस्तशिल्प हमारी सांस्कृतिक धरोहर का अमूल्य हिस्सा हैं, जिनके संरक्षण और प्रोत्साहन के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। राजस्थान उत्सव के माध्यम से प्रदेश की कला, संस्कृति और परंपराओं का वैभव देश की राजधानी में जीवंत रूप में प्रस्तुत हो रहा है।

राजस्थान दिवस सप्ताहः

## सांस्कृतिक आयोजनों में सहभागिता कर प्रदेश की कला, साहित्य एवं संस्कृति को दें बढ़ावा : मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी)। राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे सप्ताहव्यापी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार को जवाहर कला केन्द्र में कला और संस्कृति का मनोहारी संगम देखने को मिला। इस अवसर पर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने जवाहर कला केन्द्र की आर्ट गैलरी में राजस्थान ललित कला अकादमी द्वारा आयोजित भव्य चित्र प्रदर्शनी का विधिवत शुभारम्भ किया।कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य सचिव द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर तथा तीन अलग-अलग चित्र प्रदर्शनियों का फीता काटकर उद्घाटन करने के साथ हुआ। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव पर्यटन, कला-साहित्य एवं संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग के महानिदेशक प्रवीण गुप्ता, उप सचिव कला-साहित्य एवं संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग एवं जवाहर कला केन्द्र की अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. अनुराधा गोगिया सहित कला जगत से जुड़े अनेक गणमान्य व्यक्ति और कलाकार उपस्थित रहे।मुख्य सचिव ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित विभिन्न चित्रों का गहनता से अवलोकन किया और कलाकारों से संवाद करते हुए उनकी कृतियों के विषय, प्रेरणा और सृजन प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। उन्होंने उत्कृष्ट चित्रों की सराहना करते हुए कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि राजस्थान की कला परंपरा अत्यंत समृद्ध और विविधतापूर्ण है, जिसे व्यापक मंच प्रदान करने की आवश्यकता है।इस अवसर पर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रदेश के कलाकारों को स्थानीय और राज्य स्तर के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के अवसर उपलब्ध कराना है। इसके लिए पर्यटन, कला-साहित्य एवं संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग निरंतर प्रयासरत है।उन्होंने कहा कि राजस्थान दिवस केवल एक उत्सव नहीं बल्कि प्रदेश की गौरवशाली ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और कलात्मक विरासत को स्मरण करने और उसे नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण अवसर है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से लोक कला, चित्रकला, संगीत, नृत्य और साहित्य की समृद्ध परंपरा को नई पहचान मिल रही है।



मुख्य सचिव ने कार्यक्रम के दौरान आयोजित लोक कलाकारों के प्रस्तुतियों की भी सराहना करते हुए कहा कि राजस्थान की लोक परंपराएं देश-विदेश में अपनी विशिष्ट पहचान रखती हैं और इन्हें संरक्षित तथा प्रोत्साहित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि राजस्थान दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश में सप्ताह भर विविध सांस्कृतिक, साहित्यिक और कलात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से प्रदेश के इतिहास, कला और संस्कृति का उत्सव मनाया जा रहा है।उन्होंने प्रदेशवासियों से आ''ान किया कि वे इन आयोजनों में बढ़-चढ़कर सहभागिता करें और राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण एवं संवर्धन में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस विरासत पर गर्व कर सकें।

6 वर्षों से पदोन्नति नहीं होने से ग्राम विकास अधिकारियों में है जबरदस्त आक्रोश।

# राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ के बैनर तले प्रदेश के 10 हजार से ज्यादा ग्राम विकास अधिकारी 8 अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास का करेंगे घेराव

## राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ के प्रांतीय कार्यालय टैगोर नगर जयपुर में आयोजित प्रदेश प्रतिनिधि सभा की बैठक में किया निर्णय।

चमकता राजस्थान

**रघुनंदन पारीक श्रीनगर/अजमेर।** राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ की प्रदेश प्रतिनिधि सभा की प्रांतीय कार्यालय टैगोर नगर जयपुर में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से आंदोलन का निर्णय किया गया । आंदोलन में 8 अप्रैल को प्रदेश के 10 हजार ग्राम विकास अधिकारियो द्वारा मुख्यमंत्री कार्यालय का घेराव करने का निर्णय किया गया ।

इसके बाद भी कोई समाधान नहीं होता है तो सत्ता पक्ष के समस्त विधायकों एवं मंत्रियों के आवास पर अनिश्चित कालीन पड़ाव का निर्णय भी किया गया ।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष महावीर शर्मा एवं प्रदेश महामंत्री शिवराज चौधरी ने बताया कि प्रदेश के ग्राम विकास अधिकारियों की विगत 6 वर्षों से पदोन्नतियां नहीं हो रही है इसके संबंध में सरकार में प्रत्येक स्तर पर ज्ञापन देकर अवगत भी कराया गया । इसी श्रृंखला में गुरुवार को मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री कार्यालय में ज्ञापन देकर निवेदन किया गया कि यदि 16 मार्च तक पदोन्नतियां नहीं की गई तो संगठन द्वारा विवश होकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

इसके उपरांत भी विभाग द्वारा पदोन्नति की दिशा में कोई कदम नहीं बढ़ाने से विवश होकर आज राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी ने 8 मई , 2025 को ऑपरेशन सिंदूर के कारण स्थगित पदोन्नति नहीं तो काम नहीं चरणबद्ध आंदोलन को पुनः प्रारंभ करने का निर्णय किया गया । महावीर शर्मा ने बताया कि यह निर्णय विभाग की असंवेदनशीलता एवं दोहरी नीतियों के कारण करना पड़ रहा है । ग्राम विकास अधिकारियों की वरिष्ठता के संबंध में विभाग के द्वारा नियुक्त ओआईसी ने माननीय उच्च न्यायालय में नियम विरुद्ध रिपोर्ट देकर पदोन्नतियों को प्रभावित करवाया है । जिस पर विभाग द्वारा आज दिनांक तक कोई प्रभावी पैरवी भी नहीं की गई। संगठन के द्वारा एडहॉक पदोन्नति के भी बार-बार प्रयास किए गए लेकिन उसमें भी मुख्यमंत्री के विभाग कार्मिक विभाग द्वारा दो बार पत्रावली भिजवाने के बाद भी अनुमति नहीं दी गई। जिससे प्रदेश के कर्मचारियों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है । महावीर शर्मा ने बताया कि विभाग के मंत्री मदन दिलावर के द्वारा दो बार बैठक में तथा एक बार नोट शीट लिखकर विभाग के अधिकारियों को पदोन्नति करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए उसके उपरांत भी विभाग के द्वारा पदोन्नति की दिशा में कोई ठोस कार्यवाही नहीं गई । पंचायती राज मंत्री के निर्देशों की भी अवहेलना हो रही है इससे सीधे मुख्यमंत्री आवास के घेराव का निर्णय किया गया है ।




प्रदेश उपाध्यक्ष प्रहलाद जाट एवं प्रदेश मंत्री के के तोमर ने बताया कि इस घेराव में प्रदेश की 10 हजार ग्राम विकास अधिकारी भाग लेंगे एवं 23 मार्च शहीद दिवस को प्रत्येक जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा।

ग्राम विकास अधिकारी , सहायक विकास अधिकारी अतिरिक्त विकास अधिकारी एवं विकास अधिकारी पद की विगत 6 वर्षों से लगभग 3000 पदों पर पदोन्नतियां लंबित है । 126 तो विकास अधिकारी के पदों पर पदोन्नति होनी है लेकिन विभाग की उदासीनता एवं असंवेदनशीलता के कारण पदोन्नतियां नहीं हो रही है

विभाग द्वारा संगठन के कैडर स्ट्रेंथन , वेतन विसंगति दूर करने , 27 वर्ष की सेवा पर चयनित वेतनमान स्वीकृत करने ,एक इंक्रीमेंट के संबंध में न्यायोचित निर्णय करने , विकास अधिकारी के चार्ज के प्रशासनिक सुचिता के विरुद्ध जारी आदेश को प्रत्याहारित करवाने एवं उफ्फ्अ कार्मिकों का नियमितीकरण , सहित मुख्य मांग पत्र पर भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है । जिसके कारण इस प्रकार का कठोर निर्णय करना पड़ा है। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष बाबूलाल धाबाई ,संयुक्त मंत्री अशोक सुथार अजमेर जिला अध्यक्ष सतपाल चौधरी , जिला मंत्री नरेश सैनी सहित समस्त जिलों के जिला अध्यक्ष जिला मंत्री एवं प्रदेश प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करावन में सात दिवसीय NSS विशेष शिविर का शुभारंभ




**चमकता राजस्थान/गोपाल सिलोरिया करावन झालावाड़।** करावन- राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करावन में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर+2) के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता के पूजन के साथ की गई।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जगत सिंह ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, कार्यप्रणाली एवं सामाजिक सेवा के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में ठरर प्रभारी रामप्रकाश वर्मा, सहायक प्रभारी विक्रम सिंह (व्याख्याता) सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। अंत में ठरर प्रभारी रामप्रकाश वर्मा ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

### भवानी मंडी कांग्रेस कार्यालय पर मान्यवर कांशीराम जी की, 92 जयंती मनाई




**चमकता राजस्थान/गोपाल सिलोरिया करावन झालावाड़।** रविवार को झालावाड़ जिला कांग्रेस कमेटी एस सी विभाग द्वारा भवानी मंडी कांग्रेस कार्यालय पर मान्यवर काशीराम जी की 92 वीं जयंती मनाई गई। जिसमें भवानी मंडी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रोड सिंह परमार, विधानसभा प्रत्याशी श्री चेतराज गहलोत,नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिल वर्मा, आनंद काला जी,एस सी विभाग ब्लॉक अध्यक्ष रमेश वर्मा, नगर अध्यक्ष कांग्रेस विनय अस्तोलिया जी, सलामत भाई फौजदार, चंदर सिंह राणा जी, प्रताप सिंह जी,पार्षद राम बैरवा, राजेश वर्मा, एडवोकेट श्याम सिंह जी, कृपाल सिंह ,शिव जी वर्मा, हरीश राठौर, अविनाश परमार, नीता जी, कैलाश बाई जी चौहान, करुणा ,रामलाल बैरवा राजू लाल मेहर, नगर अध्यक्ष अरुण तंवर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। एडवोकेट हेमन्त बैरवा जिला अध्यक्ष कांग्रेस एस सी विभाग झालावाड़ ने सभी, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### अग्रवाल समाज की महिला मंडल द्वारा निकाला गया फूल पाती चल समारोह चित्र



**चमकता राजस्थान/रफीक मंसूरी खरगोन।** अग्रवाल समाज की महिलाओं द्वारा निकाला गणगौर का फूल पाती चल समारोह नलखेड़ा। नगर में अग्रवाल समाज की महिला मंडल द्वारा गणगौर का फूल पाती चल समारोह निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज की महिलाएं उपस्थित थी।रविवार को अग्रवाल समाज की महिला मंडल द्वारा गणगौर का फूल पाती चल समारोह अग्रवाल समाज की नवनिर्मित धर्मशाला से गाजे बाजे ढोल ढमाकों के साथ प्रारंभ हुआ जो पुरानी कृषि उपज मंडी मार्ग, बस स्टैंड चौराहा, शिवाजी चौराहा,गणेश चौराहा चौक बाजार होते हुए चौथमल जी के राधा कृष्ण मंदिर पहुंचा जहां गणगौर की पूजा अर्चना के पश्चात चल समारोह का समापन हुआ चल समारोह में दो बालिकाओं को दूल्हा दुल्हन बनाया गया था वही गणगौर माता को सिर पर धारण किए हुए महिलाएं चल रही थी महिलाओं द्वारा चल समारोह में गणगौर के गीतों पर नृत्य करते हुए चल रही थी।

## जालोर के सिरे मंदिर में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम प्रारम्भ

चमकता राजस्थान

**जालोर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को जालोर नगर स्तिथ सिरे मंदिर में आयोजित होने वाले दो दिवसीय धार्मिक आयोजन में भाग लेने के लिए पहुँचे। गोरखपुर के पीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिरे मंदिर रोड स्थित श्री शांतिनाथ बालिका आदर्श विद्या मंदिर स्कूल के विद्यालय भवन का अवलोकन किया तथा विद्यालय परिसर में अशोक वृक्ष का पौधारोपण किया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत राष्ट्र वीर-वीरंगनाओं की भूमि हैं तथा देश की अखंडता, एकता को बनाएं रखने हेतु इन वीर-वीरंगनाओं ने अपने जीवन का बलिदान दिया हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र देश के प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक विकसित भारत के



परिकल्पना को साकार करने हेतु निरंतर प्रगतिरत हैं। उन्होंने कहा कि जालोर योगी जलन्धरनाथजी की धरा है। मैं पीर शान्तिनाथ की धरा को कोटि-कोटि नमन करता हूँ। सांस्कृतिक संगठन के संरक्षण को लेकर शैक्षणिक संस्थान विद्या भारती संचालन कर रहा है। समाज के दबे कुचले तबको तक विद्या भारती संस्थान शिक्षा पहुँचा रहा है। राष्ट्रवादी शिक्षा व संस्कार से योग्य नागरिक का निर्माण होता है। केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत ने कहा कि जालोर की धरती जौहर व्रत की साक्षी रही है। वीर वीरमदेव ने अलाउद्दीन खिलजी के प्रलोभनों को ठुकराकर उसके प्रयासों को विफल करते हुए धर्म एवं संस्कृति व राष्ट्रीयता के लिए युद्ध को अंगीकार किया था। अलवर विधायक योगी बालकनाथ ने पीर शान्तिनाथ की पुण्य धरा को नमन करते हुए कहा कि पीर शांतिनाथ का आशीर्वाद सौभाग्यशाली लोगों को ही मिलता है।केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत ने कहा कि जालोर की धरती जौहर व्रत की साक्षी रही है। वीर वीरमदेव ने अलाउद्दीन खिलजी के प्रलोभनों को ठुकराकर उसके प्रयासों को विफल करते हुए धर्म एवं संस्कृति व राष्ट्रीयता के लिए युद्ध को अंगीकार किया था। अलवर विधायक योगी बालकनाथ ने पीर शान्तिनाथ की पुण्य धरा को नमन करते हुए कहा कि पीर शांतिनाथ का आशीर्वाद सौभाग्यशाली लोगों को ही मिलता है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत करना : बालाराम मूंढ

चमकता राजस्थान

**चिमु धतरवाल/बायतु।** आगामी पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 को लेकर बायतु विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के पांचों मंडलों की बैठक भाजपा कार्यालय बायतु में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ नेता बालाराम मूंढ ने की, जिसमें विभिन्न मंडलों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए बालाराम मूंढ ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाना तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यप्रणाली, विचारधारा और जनसेवा की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने का अवसर मिलेगा।




मूंढ ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांत भारतीय जनता पार्टी की मूल प्रेरणा हैं। इन सिद्धांतों से प्रेरणा लेकर कार्यकर्ताओं को राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा, विकास और जनकल्याण की योजनाओं को पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण महाभियान से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा।

बैठक में आगामी दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण कार्यक्रमों की तिथियों की भी जानकारी दी गई। इसके अनुसार बायतु एवं बाटाडू मंडल का प्रशिक्षण कार्यक्रम 28 से 29 मार्च 2026 को तथा पाटोदी, गिड़ा एवं दीनदयाल मंडल का प्रशिक्षण कार्यक्रम 29 से 30 मार्च 2026 को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री चनणाराम बैरड़, जिला प्रवक्ता चेनाराम कड़वासरा, बायतु मंडल अध्यक्ष हनुमान जाणी, गिड़ा मंडल अध्यक्ष देवाराम मूंढ, पंडित दीनदयाल मंडल अध्यक्ष सवाईसिंह भाटी, पाटोदी मंडल अध्यक्ष पुखराज प्रजापत, बाटाडू मंडल अध्यक्ष मगराज सऊ सहित मंडलों के महामंत्री, पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खरगोन पुलिस ने आगामी त्यौहारों को लेकर की शांति समिति की बैठकें, शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील

**चमकता राजस्थान/रफीक मंसूरी खरगोन।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार त्यौहारों जिनमें रमजान,चैत्र नवरात्रि, ईद, गणगौर एवं रामनवमी आदि त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा के निर्देशन व अति.पुलिस अधीक्षक (शहर) बिट्टू सहगल एवं अति.पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन में जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को समाज के गणमान्य नागरिकों की बैठक ली जाने हेतु निर्देशित किया गया था।इसी क्रम में जिले के समस्त थानों एवं चौकियों पर कानून-व्यवस्था एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से संबंधित थाना व चौकी क्षेत्रों की शांति समिति के सदस्यों तथा समाज के गणमान्य नागरिकों की बैठक आयोजित की गई । बैठक में सभी क्षेत्र वासियों से आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने हेतु सहयोग करने की अपील की गई।उपस्थित गणमान्य नागरिकों द्वारा भी इस पहल की सराहना की गई तथा आगामी त्यौहारों को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के साथ मनाने के लिए प्रत्येक समुदाय के लोगों द्वारा पुलिस एवं प्रशासन को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया गया ।शांति समिति की बैठक एवं मोहल्ला मीटिंग में विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई । विशेष रूप से सभी क्षेत्र वासियों से फेक न्यूज (ऋंी ठी६२), रूमर्स (फ्र्ुेङ्ग१२) एवं अफवाहों से सतर्क रहने की अपील की गई । नागरिकों को समझाइश दी गई कि सोशल मीडिया पर शेयर हो रहे किसी भी वीडियो या मैसेज पर बिना सत्यापन किए तथा बिना सोचे-समझे विश्वास न करें और ऐसी सामग्री को आगे साझा करने से बचें । साथ ही यह भी चेतावनी दी गई कि सांप्रदायिक हिंसा भड़काने या शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी । इस संबंध में शासन द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेशों की जानकारी भी उपस्थित लोगों को दी गई ।

## आज ट्रांसफार्मर के शॉर्ट सर्किट से खेत में लगी भीषण आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**चमकता राजस्थान/जुगल किशोर बावल/ जीवन्द कलां।** खिंवाड़ा के पास पिलोवनी गांव में धनसिंह पुत्र किशोर सिंह राजपुरोहित के खेत में लगे ट्रांसफार्मर में अचानक शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने आसपास की झाड़ियों और बाड़ को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना की सूचना पुलिस थाना खिंवाड़ा व पाली कंट्रोल रूम से दूरभाष के माध्यम से प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही रानी नगर पालिका का अग्निशमन वाहन तुरंत मौके पर पहुंचा और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

आग की चपेट में आने से खेत में रखी लकड़ियां, झाड़ियां, कांटों की बाड़ और अंग्रेजी बाबुल जलकर नष्ट हो गए। हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लेने से आसपास के रहवासी मकानों, मोबाइल टावर, बिजली के चार ट्रांसफार्मरों तथा पास की गेहूं की खड़ी फसलों को सुरक्षित बचा लिया गया।


## कार्यालय प्रधानाचार्य एवं पदेन पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी

### राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लोलावास

समिति लूणी, तहसील जोधपुर, जिला जोधपुर (राज.)

**शाला दर्पण कोड-219660 क्रमांक : राउमावि लोलावास/लूणी/जोध./2**

राउमावि लोलावास/लूणी/जोध./ ध्वस्तीकरण / 2025-26/190 — दिनांकः 11.3.2026

### विद्यालय भवन ध्वस्तीकरण व मलबा निस्तारण हेतु खुली बोली नीलामी आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विद्यालय विकास एवं प्रबन्धन समिति रा.उ.मा.वि. लोलावास ब्लॉक लूणी, जोधपुर द्वारा स्थानीय परी क्षेत्र में विद्यालय भवन निम्नानुसार कक्षा कक्ष स्थित मय बरामदा के जर्जर से जाने के कारण उन्हें सुरक्षित ध्वस्तीकरण मलबा निस्तारण के कार्य हेतू अनुभवी एव योग्य आमजन/ भामाशाहों /ठेकेदार फर्मों को खुली बोली-नीलामी हेतु आमन्त्रित किया जाता है।

| क्रमांक संख्या | ध्वस्तीकरण | मलबा बेचना/निस्तारण | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | विद्यालय कानाम | क्षेत्र | संख्या | क्षेत्रफल | अनुमानित लागत | अनुमानित बिक्री | विद्यालय अनुमोदित राशि | धरोहर राशि |
| 1. | राउमावि लोलावास | कमरा मय बरामदा | 17 | 808 वर्ग मीटर | 400000 | 10,50,000 | 6,50,000 | 40, 000 |
| 2. | रा० प्रा० वि० मोकलासनी | कमरा मय बरामदा | 04 | 190 वर्ग मीटर | 80,000 | 1,60,000 | 80,000 | 15,000 |
| 3. | रा० प्रा०वि० मेघवालों की ढाणी | कमरा मय बरामदा | 02 | 120 वर्ग मीटर | 40,000 | 80,000 | 40,000 | 10,000 |

**शर्तें निम्नवत रहेगी**

23.3.2026 को अपरान्ह 1:00 बजे से धरोहर राशि जमा की जायेगी और इसी दिन अपरान्ह 2:00 बजे उक्त निविदा की खुली बोली लगाई जायेगी। सफल बोली दाता को कार्यादेश जारी होने की 7 दिन की अवधि में 30.03.2026 को सायं 6:00 बजे तक सुरक्षित ढंग से कार्य सम्पन्न करके कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र से अघोहस्ताक्षर से प्राप्त करना है। नियमानुसार जी. एस टी देय होगी।

**अध्यक्ष** **सचिव**
विद्यालय विकास एवं प्रबन्ध समिति
रा.उ.मा.वि. लोलावास
लूणी, जोधपुर

**प्रधानाचार्य व पीईईओ**
राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय
लोलावास (लूणी) जयपुर


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929